डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित, साप्ताहिक 21.08.2023 से 27.08.2023 ▪ वर्ष-40 ▪ अंक-34 ▪ मूल्य ₹ 10.00

स्वतंत्रता दिवस समारोह

## दस महत्वपूर्ण सामाजिक क्रांतियों से देश में उदाहरण बना विकास का मध्यप्रदेश मॉडल

**"मध्यप्रदेश में सभी नागरिकों को पक्का मकान मिलेगा। कोई परिवार बिना छत के नहीं रहेगा। मध्यप्रदेश में आयुष्मान भारत योजना में बचे हुए परिवारों को भी जोड़ा जाएगा, ताकि उन्हें उपचार की सुविधा मिल सके। जो परिवार इनकम टैक्स नहीं देते या अन्य किसी माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं लेते उन सभी परिवारों को आयुष्मान योजना में सम्मिलित किया जाएगा। मध्यप्रदेश में आयुष्मान योजना में 3 करोड़ 50 लाख से अधिक नाम जोड़े गए हैं। मध्यप्रदेश में लोकतंत्र की परिभाषा जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा शासन को सही अर्थों में जीवंत किया गया है।"**



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल स्थित लाल परेड मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान परेड की सलामी लेते हुए

- मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था का आकार हम 45 लाख करोड़ रुपये की ऊंचाई तक पहुंचाएंगे।
- प्रदेश में एक लाख किलोमीटर लंबाई की नई सड़कों का जाल बिछाया जाएगा।
- कृषि उत्पादन को बढ़ाकर 10 करोड़ मीट्रिक टन के स्तर तक ले जाएंगे।
- हर किसान के खेत तक भरपूर सिंचाई सुविधा मिलेगी। सिंचाई क्षमता को 65 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाया जाएगा।
- प्रदेश के 45 हजार आंगनवाड़ी केंद्रों को प्री-प्राथमरी स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा।
- ग्लोबल स्किल पार्क में हर वर्ष 6 हजार युवाओं को प्रशिक्षण का अवसर।

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित लाल परेड मैदान पर राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनता को संबोधित करते हुये कहा कि आज का दिन भारत को एक सूत्र में जोड़ने का दिन है। यह शहीदों के बलिदान के यशगान का दिन है। ये 140 करोड़ भारतवासियों की मुस्कान का दिन है। भारत का इतिहास सिर्फ 76 साल पुराना इतिहास नहीं, बल्कि हजारों साल का पुराना ज्ञात इतिहास है। जब दुनिया में सभ्यता का सूर्योदय नहीं हुआ था, तब भारत में नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय संचालित थे। भारत की धरती ने सत्यमेव जयते का उद्घोष किया। जियो और जीने दो के सिद्धांत में भारत का विश्वास रहा है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का भाव भारत के दर्शन में रहा है। सभी के सुखी और निरोगी होने की कामना करते हुए भारत की आत्मा कभी मरी नहीं। बाहरी आक्रमणों के कारण देश गुलामी का शिकार हुआ।

(शेष पृष्ठ 17 पर)

### मुद्रा योजना के उद्यमी मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में ब्याज अनुदान के पात्र होंगे

**भोपाल,** प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में स्थापित मौजूदा ऐसी इकाइयों, जिनका एक सितंबर, 2022 के बाद नवीनीकरण हुआ है, को मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में लाभांवित किए जाने के लिए नवीन उद्यम होने संबंधी प्रावधान से छूट रहेगी और ब्याज अनुदान का लाभ मिलेगा।

### मदरसा से संबंधित 4 सेवाएं लोक सेवा गारंटी में अधिसूचित

**भोपाल,** मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड से संबंधित 4 सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम में अधिसूचित किया गया है। इन सेवाओं में मदरसा पंजीयन एवं मदरसा के लिये बोर्ड से मान्यता, मदरसा मान्यता का नवीनीकरण, मदरसा संचालन समिति का पंजीयन और मदरसा संचालन समिति का नवीनीकरण सेवा शामिल है। प्रदेश में बोर्ड से मान्यता प्राप्त 1755 मदरसे संचालित हो रहे हैं।

### भीतर के पृष्ठों पर


- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं


## मेक इन मध्यप्रदेश को किया जायेगा प्रोत्साहित

**"मध्यप्रदेश में जनसहयोग से विकास का आधार रखा जायेगा। प्रदेश में ऊर्जा क्षमता वर्तमान के 29 हजार मेगावॉट से बढ़ाकर 38 हजार मेगावॉट से भी अधिक की जाएगी। मेक इन मध्यप्रदेश को प्रोत्साहित करते हुये प्रदेश के निर्यात को एक लाख करोड़ रुपये तक ले जाया जायेगा। अमृत काल में मध्यप्रदेश कृषि, युवा, महिला, कौशल और ग्रीन टेक्नोलॉजी के पंचामृत की शक्ति से आगे बढ़ेगा। प्रदेश में आईटी के क्षेत्र में पांच लाख नये रोज़गार के अवसर सृजित किये जायेंगे।"**

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता दिवस संदेश में वर्ष 2030 के लिये मध्यप्रदेश के विकास का विजन जनता के बीच रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक लाख किलोमीटर लंबाई की नई सड़कों का जाल बिछा दिया जाएगा। सभी जिला मुख्यालयों को 4 लेन सड़कों से जोड़ा जाएगा। सभी नगरीय निकायों को 2 लेन सड़कों से जोड़ दिया जायेगा। सभी शासकीय मेडिकल कालेजों में नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जायेंगे। हर विकासखंड मुख्यालय पर कम से कम 30 बिस्तर के सर्व सुविधायुक्त अस्पताल की सुविधा मिलेगी। मातृ मृत्यु दर को घटाकर 100 प्रति लाख तक और शिशु मृत्यु दर को घटाकर 35 प्रति हजार तक लाया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड में कम से कम एक सरकारी कॉलेज होगा, ताकि विद्यार्थियों को अपने घर के नजदीक ही उच्च शिक्षा की सुविधा मिल सके। प्रत्येक जिले में एक कॉलेज का उत्कृष्ट कॉलेज के रूप में उन्नयन किया जाएगा।

(शेष पृष्ठ 17 पर)

## बच्चों की बेहतर शिक्षा व्यवस्था का संकल्प - मुख्यमंत्री

**"हमारा सपना था कि प्रदेश के गरीब, निम्न मध्यम वर्गीय और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को भी देश-दुनिया के बेहतर स्कूलों जैसे स्कूल उपलब्ध हों। इन परिवारों के बच्चों की योग्यता कम नहीं है, इन्हें अपने आस-पास ही अच्छी शिक्षा के अवसर मिलें और वे अपने सपने साकार कर सकें, इस उद्देश्य से ही राज्य सरकार ने सीएम राइज स्कूल की परिकल्पना की और अब पूरे प्रदेश में इसका क्रियान्वयन जारी है। सरकार द्वारा 4 लाख 60 हजार विद्यार्थियों को साइकिल के लिये राशि उनके खाते में अंतरित की गई है।"**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सीएम राइज स्कूल के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में सीएम राइज शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने का आधार है। प्रदेश में क्रमबद्ध रूप से प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शालाओं के भवन बनाए गए। विशेषज्ञों और शिक्षाविदों से विचार-विमर्श कर सीएम राइज स्कूल की योजना बनाई गई। प्रदेश में निर्मित होने वाले सभी सीएम राइज स्कूल में स्मार्ट क्लास, लायब्रेरी, प्रयोगशाला, खेल मैदान, खेल सुविधाओं के साथ-साथ स्वीमिंग पूल की भी व्यवस्था होगी। सरकार गरीब परिवारों के बच्चों को पढ़ाई के लिये श्रेष्ठतम सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये संकल्पित है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

### पन्ना जिले तक नर्मदा का जल लाने का होगा प्रयास

**पन्ना,** पन्ना जिले के गुनौर क्षेत्र में नर्मदा जल लाने के लिए तकनीकी परीक्षण करवाया जाएगा। जिले के नागरिकों को नर्मदा मैया का पानी उपलब्ध कराया जायेगा। गुनौर के महाविद्यालय में विज्ञान की कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी। साथ ही स्थानीय कन्या विद्यालय के उन्नयन की कार्यवाही भी की जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पन्ना जिले के गुनौर में जनदर्शन के पश्चात लाड़ली बहनों और नागरिकों को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जन-कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जिले के गुनौर, अमानगंज और देवेन्द्र नगर नगरीय निकायों के विकास कार्यों के लिए एक-एक करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी। विभिन्न मांग पत्रों और नागरिकों के सुझावों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम में 677 करोड़ 49 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। गुनौर विधानसभा क्षेत्र के लिए 677 करोड़ 49 लाख 46 हजार रुपये के 9 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इनमें 60 करोड़ 17 लाख के 3 विकास कार्यों का लोकार्पण और 617 करोड़ 32 लाख 41 हजार रुपये के 9 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास शामिल है। इन कार्यों में 27-27 करोड़ के बिरवाही, देवेन्द्र नगर वितरण केंद्र एवं पवई क्षेत्र के ग्राम सिमरिया में 132/33 केवी उप केंद्रों का निर्माण और 6.17 करोड़ लागत का गुनौर बायपास मार्ग-लंबाई 3.30 किलोमीटर शामिल है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2024 आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त

**भोपाल,** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2024 के लिए 18 वर्ष तक के बालक-बालिका 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसमें चाइल्ड ब्रेवरी अवॉर्ड तथा चाइल्ड एक्सीलेंस अवॉर्ड के लिए विभिन्न कैटेगरी खेल, सोशल सर्विसेज, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, पर्यावरण, आर्ट एंड कल्चर, नवाचार आदि के लिए आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए बालक-बालिका को भारत का मूल निवासी होना आवश्यक है।

## 12 अगस्त

### चेन्नई में आयोजित हुआ इम्पैक्ट विद यूथ कॉन्क्लेव

● केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह

ठाकुर ने संयुक्त राष्ट्र, यूनिसेफ के युवा और भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा चेन्नई में आयोजित 'इम्पैक्ट विद यूथ कॉन्क्लेव' में कहा कि युवा, संरक्षक और सबसे बड़े हितधारक हैं। भारत के वैश्विक स्तर पर सबसे युवा देशों में से एक होने के कारण हमारी जिम्मेदारी अद्वितीय है। बता दें, 'इम्पैक्ट विद यूथ कॉन्क्लेव' सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना, उनकी आवाज को मजबूती देना और दक्षिण एशिया में सकारात्मक बदलाव लाना है।

● केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने गुजरात के कच्छ में BSF के मुरिंग प्लेस का भूमि पूजन और विभिन्न परियोजनाओं का ई-लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुरिंग प्लेस, कोटेश्वर का भूमिपूजन और शिलान्यास हुआ है, जिसके तहत लगभग 250 करोड़ रुपये की लागत से प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स, ऑफिसर्स मेस, कैंटीन, परेड ग्राउंड, ट्रेनिंग सेंटर, जलयानों की मरम्मत और आपूर्ति के लिए वर्कशॉप सहित एक अत्याधुनिक यूनिट बनाई गई है। इस सुविधा के बनने के बाद पश्चिमी क्षेत्र के हरामी नाला से लेकर पूरे गुजरात की जल सीमा पर बीएसएफ की वॉटरविंग के सभी जलयानों के सुचारु रखरखाव की व्यवस्था हो जाएगी।

## 13 अगस्त

### ब्रिटेन के मंत्री श्री टॉम टुगेंडहट और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक

● ब्रिटेन के मंत्री श्री टॉम टुगेंडहट ने कोलकाता में आयोजित जी-20 भ्रष्टाचार विरोधी मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान भारत के अपने समकक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह से मुलाकात की और द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि दोनों देश अधिक पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने का प्रयास कर रहे हैं। भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की सख्त नीति है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) नवाचारों को साझा करने, क्रॉस-सेक्टर सहयोग को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार को रोकने और मुकाबला करने के लिए साझेदारी बनाने में दोनों देशों के बीच व्यापक सहयोग का भी आह्वान किया।

● केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक एक विश्वस्तरीय कानून है। 15 अगस्त, 2021 को हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'टेकेड' शब्द सामने रखा था, जो छात्रों, युवा भारतीयों के लिए तकनीकी अवसरों से भरे भविष्य के उनके दृष्टिकोण को दर्शाता है, जो भविष्य के कार्यबल का हिस्सा होंगे। उन्होंने बताया कि कैसे यह कानून प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप एक व्यापक मिशन के रूप में एकीकृत होता है। इस दृष्टिकोण का उद्देश्य दायित्वों के साथ-साथ भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप समकालीन और प्रासंगिक कानूनों को स्थापित करना है।

## 14 अगस्त

### राष्ट्रपति ने 76 वीरता पुरस्कारों को स्वीकृति दी

● राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 77वें स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर सशस्त्र

बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के कर्मियों के लिए 76 वीरता पुरस्कारों को स्वीकृति दी है। इनमें चार कीर्ति चक्र (मरणोपरांत), पांच मरणोपरांत सहित 11 शौर्य चक्र, दो दू सेना मेडल (वीरता), 52 सेना पदक (वीरता), 3 नौसेना पदक (वीरता) और चार वायु सेना पदक (वीरता) शामिल हैं। राष्ट्रपति ने सेना के लिए 30 मेंशन-इन-डिस्पैच को भी स्वीकृति दी है जिनमें आर्मी डॉग मधु (मरणोपरांत) और वायु सेना के एक कर्मी को विभिन्न सैन्य अभियानों में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए इस वीरता पदक से सम्मानित किया गया है।

● स्वतंत्रता दिवस 2023 के अवसर पर 954 पुलिस कर्मियों को पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। 01 सीआरपीएफ कर्मी को वीरता के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (पीपीएमजी), 229 को वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी), 82 को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (पीपीएम) और 642 को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक (पीएम) से सम्मानित किया गया है। 230 वीरता पुरस्कारों में से, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के 125 कर्मियों, जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के 71 कर्मियों और पूर्वोत्तर क्षेत्र के 11 कर्मियों को उनके वीरतापूर्ण कार्य के लिए सम्मानित किया जा रहा है। वीरता पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मियों में सीआरपीएफ के 28, महाराष्ट्र के 33, जम्मू-कश्मीर पुलिस के 55, छत्तीसगढ़ के 24, तेलंगाना के 22, आंध्रप्रदेश के 18 तथा शेष अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों एवं सीएपीएफ से हैं।

## 15 अगस्त

### जेनेरिक दवाएं न लिखने पर डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई

● राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने कहा है कि सभी डॉक्टर, मरीजों को जेनेरिक दवाएं ही लिखें। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इसके साथ ही बार-बार नियम के उल्लंघन पर निश्चित समय के लिए लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। बता दें, लोग अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य पर खर्च कर रहे हैं, जिसमें बड़ी राशि दवाओं पर खर्च होती है।

● सूचना और प्रसारण व युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती गांवों के 200 से अधिक सरपंचों और उनके जीवनसाथी की मेजबानी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर-पूर्व से लेकर लेह-लद्दाख तक के सीमावर्ती गांव के सुदूर क्षेत्रों और सीमावर्ती राज्यों के अन्य हिस्सों तक जन कल्याणकारी योजनाएं पहुंच सकेंगी।

## 16 अगस्त

### लैंगिक समानता के लिए डीजीसीए ने गठित की समिति

● नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमानन क्षेत्र में महिलाओं और पुरुषों के बीच समानता सुनिश्चित करने के तरीके सुझाने के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की है। यह समिति विमानन क्षेत्र में लैंगिक समानता लाने के लिए डीजीसीए को सुझाव देगी। इस समिति में निदेशक (संचालन) सुर्विता सक्सेना, निदेशक (प्रशिक्षण) आरपी कश्यप, उप-निदेशक (प्रशासन) पवन मालवीय और उप निदेशक (विमान इंजीनियरिंग निदेशालय) कविता सिंह शामिल हैं।

● वायु प्रदूषण न सिर्फ लोगों के स्वास्थ्य को खराब कर रहा है, बल्कि इससे हमारी खाद्य आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। यह बात ओजोन प्रदूषण पर हुए एक अध्ययन में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक ओजोन प्रदूषण को दूर करके देश में गेहूं की उपज 14 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। अध्ययन में कहा गया है कि ओजोन प्रदूषण के कारण भारत में हर साल गेहूं की उपज 14 प्रतिशत तक घट रही है।

## 17 अगस्त

### तेजी से बढ़ेगी भारत की जीडीपी

● स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एसएंडपी) के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था 2031 तक सालाना औसतन 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। विनिर्माण और सेवाओं के निर्यात, ग्राहकों की मांग और निकट समय में चुनौतियों के बावजूद यह वृद्धि दर जारी रहेगी। चालू वित्त वर्ष में देश की विकास दर 6 प्रतिशत रह सकती है। यही नहीं जी20 देशों में भी भारत की जीडीपी सबसे तेज बढ़ेगी। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 2031 तक बढ़कर 6.7 लाख करोड़ डॉलर हो जाएगा।

● 200 से अधिक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम और नए सिलेबस से पढ़ाई होगी। इन सभी विश्वविद्यालयों ने एनईपी 2020 की सभी सिफारिशों के तहत चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम को मंजूरी दे दी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के सचिव प्रोफेसर मनीष आर. जोशी ने यह जानकारी दी है। इस सभी विश्वविद्यालयों ने एनईपी 2020 के तहत नया सिलेबस भी तैयार किया है। विश्वविद्यालय अब ऑनर्स और रिसर्च पर विशेष रूप से फोकस करेंगे।

## 18 अगस्त

### कोलंबिया में भूकंप के झटके

● कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यह झटके कोलंबिया के काली और मेडलिन शहर में भी महसूस किए गए। अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.3 रही। भूकंप का केंद्र बोगोटा से करीब 160 किमी की दूरी पर था। भूकंप की वजह से कोलंबिया की संसद की छत का स्टोन वर्क वाला हिस्सा टूटकर गिर गया।

● अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के बीच स्थानीय मुद्रा निपटान (एलसीएस) प्रणाली के तहत कच्चे तेल का पहला लेनदेन हुआ। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारतीय दूतावास ने कहा कि लेनदेन के लिए भारतीय रुपये और यूएई दिरहम दोनों का इस्तेमाल किया गया था।

20 वर्षों के अनुभव के साथ
नए बैच प्रारंभ
PNST (नर्सिंग)
9th/10th/11th/12th
PCM/PCB/Commerce
महिला पर्यवेक्षक/CTET
बालाजी ट्यूटोरियल्स
(Since 2004) Sarahi
ऑफिस: 221, वेदा बिल्डिंग, भैरवगढ़ा इन्दौर
98930-53653
R-48963/2023

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)
ADMISSION OPEN
PARAMEDICAL
LIMITED SEATS

| | | |
|---|---|---|
| MPT | Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT | |
| BPT | Bachelor of Physiotherapy* | 4½ yrs Degree Course |
| BMLT | Bachelor of Medical Lab Technology* | 3 yrs Degree Course |
| B.Sc | Human Nutrition* | 3 yrs Degree Course |
| DMLT | Diploma in Medical Lab Technology* | 2 yrs Diploma Course |
| DDT | Diploma in Dialysis Technology* | 2 yrs Diploma Course |

Diploma in
• Anesthesia Technician • Optometric Refraction
• X-Ray Radiographer • Cath lab Technician
*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology
0755 - 400 5203, 5295, 5281
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.)
R-48964/2023

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

| क्रमांक | ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm) | रंगीन रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm) |
|---|---|---|
| 1. डीएवीपी (DAVP) रेट | 13.36 | 18.70 |
| 2. कॉन्ट्रैक्ट रेट | 70.00 | 98.00 |
| 3. कमर्शियल रेट | 80.00 | 112.00 |

फुल पेज का आकार
चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेंमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 34 21.08.2023 से 27.08.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - मनीष सिंह
● सम्पादक - रंजना चितले
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

## सम्पादकीय

# बच्चों का बेहतर भविष्य आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का आधार

शिक्षा से ज्ञान और ज्ञान से विकास की आधारभूत श्रृंखला में सबसे अहम भूमिका है स्कूल शिक्षा की। यही शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव होती है। स्कूल में बच्चों का व्यक्तित्व निर्माण और सर्वांगीण विकास होता है। मध्यप्रदेश सरकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिये संकल्पित है। अपने इसी संकल्प को पूरा करने के लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व और मार्गदर्शन में प्रदेश में 9 हजार से अधिक सीएम राइज स्कूल खोलने का कार्य चल रहा है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये शुरू हो रहे इन सुविधासंपन्न, आधुनिक स्कूलों में प्रदेश के गरीब, निम्न मध्यम वर्गीय और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

सीएम राइज स्कूल कई मायनों में विशेष हैं, जो स्मार्ट क्लास, आधुनिक लैब, लाइब्रेरी, खेल मैदान, खेल सुविधाओं के साथ स्वीमिंग पूल तथा अन्य सुविधाओं से समृद्ध होंगे। सीएम राइज स्कूल जिला, विकासखंड, संकुल और ग्रामों के समूह स्तरों पर खोले जा रहे हैं। प्रत्येक जिले में एक, कुल 52 सीएम राइज स्कूल खोलने की योजना है, जिनमें प्रति स्कूल दो हजार से तीन हजार विद्यार्थी होंगे, विकासखंड स्तर पर 261 स्कूल खोले जाने की योजना है जिनमें प्रति स्कूल 1 हजार 500 से दो हजार विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। संकुल स्तर पर 3 हजार 200 स्कूल शुरू होने से प्रति स्कूल 1 हजार से 1 हजार 500 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। ग्रामों के समूह स्तर पर 5 हजार 687 सीएम राइज स्कूल खोले जायेंगे, जिनमें प्रति स्कूल 800 से एक हजार विद्यार्थी होंगे। सीएम राइज स्कूल की आठ विशेषताएं हैं। अच्छी अधोसंरचना, हर विद्यार्थी के लिये परिवहन सुविधा, शत-प्रतिशत शिक्षक व अन्य स्टाफ, स्मार्ट क्लास तथा डिजिटल लर्निंग, सुसज्जित प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, व्यावसायिक शिक्षा और अभिभावकों की सहभागिता। सीएम राइज स्कूल की इस अवधारणा से प्रदेश के अभिभावक आनंदित हैं और बच्चे उत्साहित। यह उत्साह तब कई गुना और बढ़ गया, जब मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 17 जुलाई को शाजापुर के गुलाना में 24 करोड़ की लागत से बने प्रदेश के पहले सीएम राइज स्कूल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। राज्य शासन द्वारा 16 सीएम राइज स्कूल भवनों तथा 19 कन्या शिक्षा परिसर भवनों के निर्माण कार्य के लिये एक हजार 129 करोड़ 66 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई।

प्रदेश के गरीब तथा निम्न आय वर्ग के बच्चों के उज्ज्वल, बेहतर और समृद्ध भविष्य निर्माण के लिये बनाई गई सीएम राइज स्कूल की यह योजना आकार ले रही है। 17 अगस्त को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के भेल, बरखेड़ा में 81 करोड़ 12 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सीएम राइज शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन का भूमिपूजन किया। इस स्कूल में 118 कक्षाएं, 15 प्रयोगशालाएं, 2 लाइब्रेरी, 8 लेन एथलीट ट्रेक और ओलंपिक साइज स्वीमिंग पूल बनाने की योजना है।

इस तरह प्रदेश के सीएम राइज स्कूलों में गरीब परिवारों के बच्चों को श्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध होंगी। निश्चित ही, मुख्यमंत्री जी का प्रदेश के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने का संकल्प भी पूर्ण होगा। प्रदेश के यही बच्चे कल ज्ञान संपन्न श्रेष्ठ नागरिक बनेंगे जो समृद्ध और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की निरंतरता को कायम रखेंगे।

## पढ़ना-लिखना जारी रखिये डिमेंशिया के खतरे से बचे रहेंगे

डिमेंशिया एक ऐसा रोग है, जिससे ग्रसित होने पर मनुष्य की याददाश्त पर असर पड़ता है इससे निजात पाने के लिये दुनियाभर में निरंतर शोध किये जा रहे हैं। हाल ही में किये गए अध्ययन में पता चला है कि अगर बुजुर्ग अपने साथ एक डायरी या जर्नल रखें, तो उन्हें डिमेंशिया से उबरने में मदद मिलती है। मेलबर्न के मोनाश विश्वविद्यालय में यह शोध किया गया है, यानि बुजुर्ग शिक्षा से जुड़े कार्यों में जुड़े रहें तो उन्हें इस बीमारी के होने की आशंका कम हो सकती है। ऑस्ट्रेलिया के 70 वर्ष से अधिक उम्र के 10 हजार लोगों पर दस वर्षों तक अध्ययन किया गया है। अध्ययन में पाया गया कि वैसे लोग जो अपने साथ जर्नल रखते हैं, चिट्ठियां लिखते हैं या कम्प्यूटर का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें डिमेंशिया होने का खतरा 11 प्रतिशत कम होता है। गेम खेलने, ताश या शतरंज खेलने एवं क्रॉसवर्ड अथवा पजल जैसे खेलों में समय बिताने से इस बीमारी का खतरा 9 प्रतिशत तक कम होता है। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि अगर बुजुर्गों को लकड़ी, धातु, पेंटिंग या चित्रकारी जैसे कला के कार्यों से जोड़कर रखा जाये और वे अखबार पढ़ने या संगीत सुनने में भी समय व्यतीत करें तो उनमें इस बीमारी का खतरा 7 प्रतिशत तक कम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि अध्ययन में लोगों को सामाजिक गतिविधियों एवं मेलजोल से जोड़कर रखने पर उनके मस्तिष्क पर इसका कोई सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा। शोधकर्ताओं ने कहा कि न्यूरॉन्स तथा सिनैप्स के विकास को बढ़ावा देने से बुजुर्गों को फायदा मिल सकता है। टीम ने बताया कि इस शोध के परिणाम से बुजुर्गों को डिमेंशिया के खतरे से बचने के लिये नीतियों के निर्धारण और उनकी देखभाल में मदद मिलेगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पूरी दुनिया में पांच करोड़ लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं। हर साल लाखों लोग इसका शिकार होते हैं। अध्ययन में बताया गया कि साल 2050 तक दुनिया में डिमेंशिया के मरीजों की संख्या करीब 15.2 करोड़ होने की आशंका है। वाशिंगटन विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों के अनुसार अफ्रीका के उप सहारा क्षेत्र, उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

**- देवेश तिवारी**

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व फोटोग्राफी दिवस | 19 अगस्त

# यादों को सहेजने की तकनीक के विकास का सफर

एक फोटोग्राफ में यह काबिलियत है कि वह जगह, अनुभव, विचार, पल को एक ही समय पर एक साथ कैद कर लेती है। इन सबको एक साथ पिरोने के कारण ही कहा जाता है कि, एक तस्वीर एक हजार शब्दों को बयां कर देती है। तस्वीर अहसास को भी शब्दों की तुलना में अधिक तेजी से पहुंचाती है, अचानक आंखों के सामने आई एक तस्वीर आपके अंदर तुरंत ही घृणा, दु:ख, ख़ुशी जैसे अलग-अलग अहसास को जन्म दे देती है। अगस्त के महीने में विश्व फोटोग्राफी दिवस, विश्व फोटोग्राफी सप्ताह के उत्सव को दुनिया भर के फोटोग्राफर मनाते हैं। हर साल 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन सभी फोटोग्राफर्स को समर्पित है जिन्होंने अपनी फोटोग्राफी की कला से दुनिया की खूबसूरती को कैमरे में कैद किया है। आज के समय में फोटोग्राफी के जरिए हम आसानी से अपनी जिंदगी के खूबसूरत पलों को कैमरे में कैद कर लेते हैं। इस संसार में प्रकृति ने प्रत्येक प्राणी को जन्म के साथ भी एक कैमरा दिया है, जिससे वह संसार की प्रत्येक वस्तु की छवि अपने दिमाग में अंकित करता है। वह कैमरा व्यक्ति की आंखें हैं। इस नज़र से देखा जाए तो देखने में समर्थ दुनिया का हर प्राणी एक फोटोग्राफर है।

### विश्व में फोटोग्राफी की यात्रा

पलों को सहेजने की तकनीक यानी फोटोग्राफी के विकास की यात्रा भी लंबी है। विज्ञान के विकास के साथ कृत्रिम लेंस का भी आविष्कार हुआ। इसी की याद में विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है। इतिहासकारों के मुताबिक 9 जनवरी, 1839 को दुनिया में फोटोग्राफी की शुरुआत हुई थी। जोसेफ नाइसफोर और लुइस डॉगेर नामक वैज्ञानिकों ने 9 जनवरी, 1839 को डॉगेरोटाइप प्रक्रिया का आविष्कार किया था। डॉगेरोटाइप टेक्निक फोटोग्राफी की पहली प्रक्रिया थी। फ्रांस की सरकार ने इस प्रोसेस रिपोर्ट को खरीदकर इसे लोगों के लिए फ्री कर दिया। इसी की याद में दुनिया भर में 19 अगस्त को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे मनाया जाता है। इसके अलावा आज के दिन ईस्टमैन कोडक कंपनी के जॉर्ज ईस्टमैन को भी याद किया जाना चाहिए, जिनके फिल्म रोल ने फोटोग्राफी को लोकप्रिय बनाने और मुख्यधारा में लाने में एक बड़ा योगदान दिया था।

### फोटोग्राफी की तकनीक का विकास

वैज्ञानिक तथा तकनीकी सफलता के साथ-साथ फोटोग्राफी ने भी आज बहुत तरक्की की है। आज व्यक्ति के पास ऐसे-ऐसे साधन मौजूद हैं, जिसमें सिर्फ बटन दबाने की देर है और मिनटों में अच्छी से अच्छी तस्वीर उसके हाथों में होती है। किंतु सिर्फ अच्छे साधन ही अच्छी तस्वीर की गारंटी नहीं दे सकते हैं। तकनीक चाहे जैसी तरक्की करे, उसके पीछे कहीं न कहीं मनुष्य की सोच उसका मस्तिष्क ही काम करता है। फोटोग्राफी में भी इसकी जरूरत होती है, हमें आंखों से दिखाई देने वाले दृश्य को कैमरे की मदद से एक फ्रेम में बांधना, प्रकाश व छाया, कैमरे की स्थिति, ठीक एक्सपोजर तथा उचित विषय का चुनाव ही एक अच्छे फोटो को प्राप्त करने की पहली शर्त होती है। भले ही आज हर व्यक्ति के हाथ में कैमरा है, लेकिन सभी अच्छे फोटोग्राफर नहीं बन

पाते हैं। अच्छा फोटो अच्छा क्यों होता है- इसी सूत्र का ज्ञान किसी भी फोटोग्राफर को खास बनाता है। फोटोग्राफर रघु राय के शब्दों में, मैं चित्र खींचने के लिए पहले से कोई तैयारी नहीं करता हूं। मैं उसे उसके वास्तविक रूप में अचानक कैंडिड रूप में ही लेना पसंद करता हूं। पर असल चित्र तकनीकी रूप में कितना ही अच्छा क्यों न हो, वह तब तक सर्वमान्य नहीं हो सकता जब तक उसमें विचार नहीं है। एक अच्छी पेंटिंग या अच्छा चित्र वही है, जो मानवीय संवेदना को झकझोर दे।

वर्ष 2010 में ऑस्ट्रेलियाई फोटोग्राफर कोस्के आरा ने विश्व फोटोग्राफी दिवस के बारे में दुनिया भर में जागरूकता फैलाने की शुरुआत की। उन्होंने अपने सभी साथियों की मदद से दुनिया भर में इस दिन का प्रचार-प्रसार किया। अपने साथी फोटोग्राफरों के साथ मिलकर उनकी तस्वीरें ऑनलाइन गैलरी के जरिए पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत की। ऑनलाइन गैलरी के माध्यम से प्रस्तुत की गई इन तस्वीरों को लोगों ने खूब पसंद किया जिसके बाद से इसका ट्रेंड बन गया और हर साल फोटोग्राफी डे के दिन ऐसी ही ऑनलाइन गैलरी बनने की शुरुआत हो गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम सभी पर वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर लोग अपनी पसंद की अलग-अलग तस्वीरें इस दिन #WorldPhotographyDay हैशटैग के साथ अपलोड करते हैं। इस वर्ष फेसबुक पर भी फोटोग्राफी पर केन्द्रित फेसबुक ग्रुप का निर्माण किया गया है। यहां फोटोग्राफी के शौकीन कोई भी व्यक्ति अपनी पसंद की तस्वीरें पोस्ट कर सकता है। हर साल फोटोग्राफी डे अलग-अलग तरह की तस्वीरों पर केन्द्रित रहता है। आप अपनी पसंद की कोई भी तस्वीर को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर सोशल मीडिया पर शेयर कर सकते हैं। इसे #WorldPhotographyDay और #WorldPhotographyDay2023 से अवश्य टैग करें। वर्ल्ड फोटोग्राफी डे भले ही 19 अगस्त को मनाया जाएगा, लेकिन वर्ल्ड फोटोग्राफी वीक यानी विश्व फोटोग्राफी सप्ताह 12 से 26 अगस्त तक मनाया जाएगा।

### डिजिटल कैमरे ने बनाया फोटोग्राफी को आसान

पहले फोटो क्लिक करने के कई दिनों बाद पता चलता था कि फोटो कैसे आई है, उसे धुलवाकर प्रिंट आने के बाद ही देखने को मिलती थी, लेकिन अब जब मोबाइल के माध्यम से कैमरा हमारी जेब में है, तो फिल्म रोल का स्थान, इमेज सेंसर और मेमोरी कार्ड्स ने ले लिया है। एसएलआर हो या फोन कैमरा, आज हम जब चाहें न केवल स्क्रीन पर फोटो देख सकते हैं, बल्कि तुरंत फोटो को एडिट करके ऑनलाइन शेयर कर सकते हैं। अब तस्वीरें लेना बहुत आसान हो गया है। डिजिटल कैमरों का दौर आने के बाद प्रोफेशनल फोटोग्राफरों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। ऐसा इसलिए है कि अब बहुत सी तकनीकी जानकारियों (जैसे अपर्चर, आईएसओ, डेप्थ ऑफ फील्ड आदि) के बगैर भी तस्वीरें लेना आसान है। इंटरनेट ने भी फोटोग्राफी की लोकप्रियता को बढ़ाया है, कहीं पर क्लिक हुई फोटो भी कुछ घंटों में ही दुनियाभर में वायरल हो जाती है। फोटोग्राफर को अपनी पहचान बनाने के लिए सोशल मीडिया और ब्लॉग जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म की मदद मिल जाती है।

### देश की पहली महिला फोटो जर्नलिस्ट

देश की पहली महिला फोटो जर्नलिस्ट होमी व्यारावाला का जन्म 9 दिसंबर, 1913 को गुजरात के नवसारी में एक मध्यवर्गीय पारसी परिवार में हुआ था। शुरुआती शिक्षा हासिल करने के बाद उन्होंने बॉम्बे यूनिवर्सिटी और सर जेजे स्कूल ऑफ आर्ट से पढ़ाई की। पढ़ाई पूरी होने के बाद शुरू में उन्होंने मुंबई के एक दैनिक समाचार पत्र के लिए फोटो खींचना शुरू किया। साल 1942 (दूसरे विश्व युद्ध के दौरान) में व्यारावाला को ब्रिटिश इन्फॉर्मेशन सर्विस ने नई दिल्ली में नौकरी दी। होमी व्यारावाला ने अगस्त 1947 को लाल किले पर पहली बार फहराए गए झंडे, भारत से लॉर्ड माउंटबेटन की वापसी, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री की अंतिम यात्रा की भी तस्वीरें भी अपने कैमरे में कैद कीं। लेकिन 40 साल तक फोटोग्राफी से जुड़ी रहीं। 2010 में भारत सरकार ने उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया। 15 जनवरी, 2012 को उनका निधन हो गया।

### जुनून से भरा प्रोफेशन

फोटोग्राफी सिर्फ कला ही नहीं आज के समय में अच्छा और सफल प्रोफेशन है। वर्तमान समय में फोटोग्राफी में तमाम तरह के स्कोप मौजूद हैं, जिससे आप ना सिर्फ अपने शौक को पूरा कर सकते हैं, बल्कि एक अच्छी आय भी हासिल कर सकते हैं। हमेशा से ही डिमांडिंग कैरिअर ऑप्शन रहा फोटोग्राफी आज आधुनिक और डिजिटल कैमरे की वजह से और भी आसान हो गया है। फोटोग्राफी में कैरियर के कई विकल्प हैं। फोटोग्राफी की फील्ड में फैशन फोटोग्राफी से लेकर पोर्टफोलियो फोटोग्राफी तक भी काफी ट्रेंड में है। यही कारण है कि इस समय इंडस्ट्री में फोटोग्राफर्स की खासी डिमांड है। इस फील्ड में असिस्टेंट फोटोग्राफर के तौर पर कैरिअर की शुरुआत करने पर हर महीने 3500-6000 रुपए तक कमा सकते हैं। बाद में अनुभव बढ़ने के साथ ही 15,000 से 35,000 रुपये तक की सैलरी मिलनी शुरू हो जाती है। बाद में लंबे अनुभव और बेहतर क्रिएटिविटी हो तो लाखों रुपए महीने में भी कमाने लगते हैं।

### बेहतर तस्वीर के लिए ये ध्यान रखना है जरूरी

जहां तक बात खराब तस्वीरों की है तो यह सही है कि हर क्लिक फोटोग्राफ नहीं होती। एक अच्छी तस्वीर में बेहतर संयोजन, रोशनी का बेहतर इस्तेमाल, सही बैकग्राउंड, कैमरा सेटिंग्स और कैमरा एंगल के चयन का बहुत बड़ा योगदान होता है फिर चाहे तस्वीर किसी भी कैमरा से ली गई हो। एक अच्छा फोटोग्राफर किसी भी कैमरे से अच्छी तस्वीरें ले सकता है। माध्यम सिर्फ आपकी कुशलता को बढ़ाता है। हमें इन तकनीक से जुड़े बदलावों को स्वीकार करना पड़ेगा।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका : समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER R.V.S. KRISHI VISHWA VIDYALAYA, GWALIOR

No./ IPRO/E.E./Tender/2023/Gwalior/1676 Dated:- 11/08/2023

# E-Tender Notice

**Online E-tenders** are invited by R.V.S.K.V.V., Gwalior form 'A' from the **Registered Contractor in M.P.P.W.D. / C.P.W.D. /M.E.S.** Deptt. For the following works through the E-Tendering online ***https://www.mptenders.gov.in*** only.

| S. No. | Particular of Item | Esst. Cost in (Lakhs) | E.M.D. in the from of F.D.R. in favour of Executive Engineer, R.V.S.K.V.V., Gwalior | Cost of Tender Form+ Portal Charge | Class of Contractor \C & Above | S.O.R. Applicable with all amended upto date of NIT/Non SOR | Time Allowed (Including Rainy Season) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of different Quarter at Krishi Colony COA Gwalior | 9.54 | 19080.00 | 2000/- | .....do..... | SOR Applicable with all amended upto date of NIT | 04 Months |

1. **Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in up to 01/09/2023 up to 17:30.**
2. **The Bid Documents can be purchased only online form 11.08.2023 to 01.09.2023 up to 17:30 & Bid Submission online end date 01.09.2023 Up to 17:30.**
3. **Mandatory envelop open date 04.09.2023 at Time 12:30, Financial Bid open date 05.09.2023 at Time 12.30 or next working Days.**
4. **Amendments of NIT, if any, would be published on website only, & not in News paper.**

The R.V.S.K.V.V., reserves the right to reject any or all tenders without assigning any reasons thereof, University will not responsible for any delayed.
**Note:- "The person(s)/firms would not be entitled to participate in the tender process if in past there is any dispute/litigation/involvement (civil/criminal) is pending/initiated with the administration or within the premises of the university/college.**
**Special Note:-**
1) **Items left (if any) in the NIT and is essential to complete the work must incorporated by the contractor with MP PWD (Electrical/Civil) SOR w.e.f. 15 September 2022 rates/) as percentage Below or Above.**
2) **Rate are Applicable as per Amendments by MP PWD Building, Road, Electrical With Reference to GST.**

**Executive Engineer**

ATUL

R-48943/2023

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER R.V.S. KRISHI VISHWA VIDYALAYA, GWALIOR

No./ IPRO/E.E./Tender/2023/Gwalior/1674 Dated:- 11/08/2023

# E-Tender Notice

**Online E-tenders** are invited by R.V.S.K.V.V., Gwalior form 'A' from the **Registered Contractor in M.P.P.W.D. / C.P.W.D. /M.E.S.** Deptt. For the following works through the E-Tendering online ***https://www.mptenders.gov.in*** only.

| S. No. | Particular of Item | Esst. Cost in (Lakhs) | E.M.D. in the from of F.D.R. in favour of Executive Engineer, R.V.S.K.V.V., Gwalior | Cost of Tender Form+ Portal Charge | Class of Contractor \C & Above | S.O.R. Applicable with all amended upto date of NIT/Non SOR | Time Allowed (Including Rainy Season) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Boundary wall Infront of Ramaya Hotel RVSKVV Gwalior | 35.63 | 50000.00 | 5000/- | .....do..... | .....do..... | 06 Months |
| 2. | Bore well Submersible pump and external electrification work Infront of Ramaya Hotel RVSKVV Gwalior | 6.08 | 12160.00 | 2000/- | .....do..... | .....do..... | 03 Months |

1. **Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in up to 24/08/2023 up to 17:30.**
2. **The Bid Documents can be purchased only online form 11.08.2023 to 24.08.2023 up to 17:30 & Bid Submission online end date 24.08.2023 Up to 17:30.**
3. **Mandatory envelop open date 25.08.2023 at Time 12:30, Financial Bid open date 28.08.2023 at Time 12.30 or next working Days.**
4. **Amendments of NIT, if any, would be published on website only, & not in News paper.**

The R.V.S.K.V.V., reserves the right to reject any or all tenders without assigning any reasons thereof, University will not responsible for any delayed.
**Note:- "The person(s)/firms would not be entitled to participate in the tender process if in past there is any dispute/litigation/involvement (civil/criminal) is pending/initiated with the administration or within the premises of the university/college.**
**Special Note:-**
3) **Items left (if any) in the NIT and is essential to complete the work must incorporated by the contractor with MP PWD (Electrical/Civil) SOR w.e.f. 15 September 2022 rates/) as percentage Below or Above.**
4) **Rate are Applicable as per Amendments by MP PWD Building, Road, Electrical With Reference to GST.**

**Executive Engineer**

ATUL

R-48942/2023

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)**
**Block-II, 5th Floor, Paryavas Bhawan, Bhopal-462011 (M.P.)**
**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

### NOTICE INVITING TENDER EL-73

**No./12706/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 14.08.2023**

Online Percentage rate Tenders are invited for "Shifting/ Raising of High Voltage (HV)/Medium Voltage (MV)/Low Voltage (LV) lines and poles from alignment of PMGSY/ CMGSY Road from contractors having 'A' class valid license issued by Madhya Pradesh Licensing Board (Electrical) and registered with MPPWD in appropriate class of contractors on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in.**
Contractors are to quote rate in percentage below/above or at par of the estimated rates given in BOQ including all Taxes except GST.

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Betul | 6 | 18375270.00 |
| 2. | Khargone | 1 | 3038695.00 |
| 3. | Sehore | 1 | 715529.00 |
| 4. | Mandsaur | 1 | 1078539.00 |
| 5. | Ratlam | 2 | 2718243.00 |
| 6. | Umaria | 1 | 1415498.00 |

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **16.08.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed NIT and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER**
M.P. Madhyam/111402/2023 **(Tender)**

R-48946/2023

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-462011**
**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

### NOTICE INVITING TENDER NO. 1131 UPG & UPG-MANDI ROADS

**No./12892/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 18.08.2023**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below.

- **Table-1 - Name of work :** UPG (MPRRDA SSR : 05.11.2019)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Dewas | 1 | 10463000.00 |
| 2 | Indore | 3 | 46036000.00 |

- **Table-2 - Name of work :** UPG Mandi Roads (MPRRDA SSR : 05.11.2019)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Burhanpur | 2 | 44736000.00 |
| 2 | Datia | 1 | 55488600.00 |

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **21.08.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER**
M.P. Madhyam/111488/2023 **(TENDER)**

R-48955/2023

## Shri Gujarati Samaj, Indore

**1, Nasia Road, Indore Phone : 0731-2706468**

**SHRI JAYANTILAL HIRACHAND SANGHVI GUJARATI INNOVATIVE COLLEGE OF COMMERCE & SCIENCE**
**(Affiliated to DAVV, Indore)**
Scheme No. 54, Near Bombay Hospital, A.B. Road, Indore
Ph.: 0731-2571155, 2571156, e-mail: sgsiccs@gmail.com

### REQUIRES

**Professor/Associate Professor/Asst. Prof.**
(Under College Code - 28) In the following Subjects

- Commerce
- Chemistry
- Botany
- Bio Technology
- History
- Hindi
- Political Science
- Mathematics
- Sociology

***Qualification & Experience : As per UGC norms.***

- Management
- Computer

***Qualification & Experience : As per AICTE norms.***

***Salary : As per Shri Gujarati Samaj norms.***

Application complete in all respects with full details along with all necessary documents, should reach the College Office within 7 days from the date of publication of this advertisement during 9.30am to 1.30pm. Incomplete application will not be considered.

**Pankajbhai Sanghvi** Hon. Gen. Secretary
**Atulbhai Sheth** Chairman - E.B. (College)
**Navnitbhai Patel** Chairman - Governing Body
**Dr. Saurabh Parikh** Principal

VIGILANCE

R-48941/2023

## CENTRE FOR RESEARCH AND INDUSTRIAL STAFF PERFORMANCE

CRISP ISO 9001:2015
Opposite Manas Bhawan, Shyamla Hills, Bhopal- 462002

### Free Residential Training Program
**(Only for SC/ST Youth)**

| S. No. | Training | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Solar PV Installer | 10th / 12th / ITI / Dip (Elect. / Electronics / Instrumentation) |
| 2 | Internet of Things (IoT) | BE / B.Tech / B.Sc. (Maths / Statistics / Computer) |

**Trainings commencing from 4th Sept, 2023**

Contact : 0755-2661401, M. 9981181567, 9893320613, 9993944081
For further details visit : www.crispindia.com

Scheme Sponsored

R-48962/2023

## CRISP ISO 9001:2015 — AICTE Recognized & RGPV Affiliated

### Post Diploma Programs (PDP)

**Advanced Mechatronics & Industrial Automation**

**Computer Aided Design & Manufacture**

**Eligibility : Diploma in Engineering (Admission through MPDTE Couseling)**

**Programs commencing from 28th Aug, 2023**

Contact : 0755-2661401, M. 9981181567, 9893320613, 9425330202
For further details visit : www.crispindia.com

Scheme Sponsored

R-48961/2023

## CENTRE FOR RESEARCH AND INDUSTRIAL STAFF PERFORMANCE

CRISP ISO 9001:2015
Opposite Manas Bhawan, Shyamla Hills, Bhopal- 462002

### Free Residential Training Program

| S. No. | Training | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Electrical Technician (Wind) | 12th (PCM) / ITI + 1 year Experience in relevant field / Diploma (Electrical / Mechanical) |
| 2 | Mechanical Technician (Wind) | |

**Trainings commencing from 11th Sept, 2023**

Contact : 0755-2661401, M. 9098830894, 9425330202, 9755057033
For further details visit : www.crispindia.com

Scheme Sponsored

R-48960/2023

## म.प्र. पुलिस आवास एवं अधो.वि. निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1, भदभदा रोड, भोपाल**

क्र./793/तशा/प.यं./2023 दिनांक : 16.08.2023

### प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा नवीन पुलिस मुख्यालय, भोपाल में विद्युत मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा क्रमांक 2023_MPPHC_299525_1 दिनांक 30.08.2023 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक** खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : **www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/111462/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48949/2023

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011**
**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

**No./12886/22/D-12/NIT-Maint./2023** **Bhopal, Dated : 18.08.2023**

### NOTICE INVITING TENDER No. 245/MTN/2023

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 05.11.2019 and amendments upto issue date of NIT.

**1. Table No. 1 :- Name of Work –** Repair/ Maintenance of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Agar Malwa | 1 | 13826350.00 |
| 2 | Balaghat | 1 | 16446342.00 |
| 3 | Bhind | 1 | 9516205.00 |
| 4 | Chhindwara | 6 | 61492185.00 |
| 5 | Damoh | 3 | 26997270.00 |
| 6 | Dewas | 1 | 8417030.00 |
| 7 | Dindori | 1 | 4121056.00 |
| 8 | Harda | 1 | 7872520.00 |
| 9 | Mandsaur | 1 | 3588887.00 |
| 10 | Narmadapuram | 2 | 17282672.00 |
| 11 | Narsinghpur | 2 | 46436898.00 |
| 12 | Panna | 2 | 27470121.00 |
| 13 | Raisen | 3 | 16577850.00 |
| 14 | Rajgarh | 1 | 13728275.00 |
| 15 | Rewa | 5 | 38779437.00 |
| 16 | Sagar | 1 | 14694634.00 |
| 17 | Satna | 1 | 6600241.00 |
| 18 | Sehore | 3 | 33755888.00 |
| 19 | Seoni | 1 | 16641102.00 |
| 20 | Shahdol | 2 | 17736783.00 |
| 21 | Sidhi | 1 | 12303782.00 |
| 22 | Singrauli | 1 | 1454395.00 |
| 23 | Tikamgarh | 1 | 19425259.00 |
| 24 | Umaria | 1 | 4868897.00 |

**2. Table No. 2 :- Name of Work –** Repair/ Maintenance of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Balaghat | 2 | 39249694.00 |
| 2 | Burhanpur | 1 | 13496227.00 |
| 3 | Chhatarpur | 1 | 5514193.00 |
| 4 | Chhindwara | 2 | 18637521.00 |
| 5 | Khandwa | 5 | 69340147.00 |
| 6 | Panna | 1 | 7103343.00 |
| 7 | Rewa | 1 | 11939255.00 |
| 8 | Sehore | 1 | 6822090.00 |
| 9 | Seoni | 3 | 40490582.00 |
| 10 | Sidhi | 1 | 14694417.00 |
| 11 | Umaria | 1 | 15284044.00 |

**3. Table No. 3 :- Name of Work –** Repair/ Maintenance of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Agar Malwa | 1 | 3408547.00 |
| 2 | Balaghat | 2 | 29445362.00 |
| 3 | Barwani | 1 | 7796708.00 |
| 4 | Chhindwara | 2 | 11368612.00 |
| 5 | Dewas | 1 | 6964450.00 |
| 6 | Dindori | 3 | 44444414.00 |
| 7 | Mandla | 2 | 75771771.00 |
| 8 | Panna | 1 | 10369399.00 |
| 9 | Rajgarh | 1 | 20173309.00 |
| 10 | Ratlam | 1 | 1625694.00 |
| 11 | Rewa | 1 | 2303161.00 |
| 12 | Sidhi | 1 | 7644022.00 |
| 13 | Tikamgarh | 2 | 61216507.00 |
| 14 | Ujjain | 2 | 9267322.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **24.08.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/111486/2023 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

R-48953/2023

## एमपी इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर, टी.व्ही. टॉवर के पास, उद्योग भवन कटंगा, जबलपुर (म.प्र.)

**क्रमांक-एमपी आईडीसी/क्षे.का.ज./तक./2023/3145** **जबलपुर, दिनांक : 17.08.2023**

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पोर्टल **mptenders.gov.in-MPIDC RO Jabalpur** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का विवरण | बयाना राशि रु. | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य की राशि | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|
| औद्योगिक विकास केन्द्र बोरगांव जिला छिंदवाड़ा में आरसीसी नाली का निर्माण कार्य। | रु. 3.88 लाख | रु. 17700/- जीएसटी सहित | रु. 387.46 लाख | 08 माह वर्षाकाल सहित |

किसी भी निविदा या समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने, निविदा की तिथि बढ़ाने का अधिकार निगम के कार्यकारी संचालक के पास सुरक्षित है। टेंडर डॉक्यूमेंट उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **mptenders.gov.in** के माध्यम से निर्धारित तिथि तक डाउनलोड व क्रय किये जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/111478/2023 **कार्यकारी संचालक**

R-48951/2023

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462011**

### NOTICE INVITING TENDER No. 1134 (PMGSY-BRIDGE-BW)

**No./12901/22/D-12/MPRRDA/2023** **Bhopal, Dated : 18.08.2023**

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below : -

- **Name of Work –** Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Katni | 1 | 9767579.00 |

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission :** The bid document is available online and should be submitted online in **https://www.mptenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the website which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **22.08.2023 (17:30 hrs)** and last date for online bid submission is **06.09.2023 (17:00 hrs.).**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER**
M.P. Madhyam/111491/2023 **(TENDER)**

R-48958/2023

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-02, भोपाल**
**Mobile No. : 9425601534**
**ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com**

**क्र. मप्रपुआआविनि/544&545/पयं/भोपाल-02/तक्षा/2023 भोपाल, दिनांक 16.08.2023**

### प्रेस विज्ञप्ति

"बाह्य विद्युतीकरण कार्य 1x200 KVA ट्रांसफार्मर 11 KV शिरोपरि लाइन सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़, जिला-राजगढ़ एवं 50 बेडेड पुलिस अस्पताल 25वीं बटालियन, भदभदा रोड, भोपाल, जिला-भोपाल में बाह्य विद्युतीकरण के कार्य हेतु निविदा क्रमांक-06/2023-24 एवं निविदा क्रमांक-07/2023-24 ऑनलाइन निविदा क्रमांक & MPPHCL/TENDER No- 2023_MPPHC_299447_1 & 2023_MPPHC_299471_1) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 01.09.2023 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/111454/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48948/2023

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)**
**5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.-462011**

### NOTICE INVITING TENDER No. 246/MTN/2023 (BW)

**No./12889/22/D-12/NIT-Maint./2023** **Bhopal, Dated : 18.08.2023**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

**Name of work :** Repair/Maintenance of Rural Roads.

**1. Table-1 : Name of Work –** Post 05 Years (BW)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Khandwa | 1 | 2410000.00 |

राज्यपाल ने कॉलेज के वाद्य यंत्र संग्रहालय का अवलोकन कर कहा कि एक साथ वाद्य यंत्रों का सुव्यवस्थित और विशाल संग्रह देखने का उनका पहला अनुभव है। श्री पटेल ने कहा कि देश के प्रतिष्ठित सैन्य संस्थानों में से ऐक संस्थान के परिसर में आकर अपार हर्ष एवं गर्व हुआ है। भारतीय सेना, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और मित्र विदेशी देशों के सैन्य अधिकारियों की प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं को देखना सुखद अनुभव है। उन्होंने कॉलेज एवं केंद्र से विदेशी भाषा में प्रशिक्षित सैनिक अंतर्राष्ट्रीय सीमा शांति, सामरिक महत्व की बैठकों, अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त सेना प्रशिक्षण में सेना के व्याख्याकार और अनुवादक का कार्य सफलतापूर्वक करने वाले संस्थान के अनुदेशकों को बधाई दी।

राज्यपाल ने संस्थान द्वारा क्षेत्र के विकास में सहभागी बनने, 300 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने, हरित पर्यावरण बनाए रखने, आमजन को बेहतर चिकित्सा सहायता देने और सामाजिक जागरूकता वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने में प्रशासन के साथ सहयोग करने की सराहना की।

श्री पटेल ने पचमढ़ी की आम जनता के लिए विशेष अवसरों पर बैंड संगीत कार्यक्रम से राष्ट्र प्रेम एवं देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए संस्थान के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# प्रदेश में 16 सीएम राइज स्कूल और 19 कन्या शिक्षा परिसर का होगा निर्माण

**भोपाल,** राज्य शासन द्वारा 16 सीएम राइज स्कूल भवनों एवं 19 कन्या शिक्षा परिसर भवनों के निर्माण कार्य के लिए 1129 करोड़ 66 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। बैतूल में 4, मंडला एवं अनूपपुर में 3, धार में 2 और बड़वानी, श्योपुर, सीधी एवं अलीराजपुर में एक सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार सिवनी में 3, मंडला, छिन्दवाड़ा, बैतूल एवं अनूपपुर में 2 और सीधी, इंदौर, जबलपुर, धार, उमरिया, शहडोल, सीहोर एवं खरगोन में एक कन्या शिक्षा परिसर भवन का निर्माण किया जाएगा।

सी.एम. राइज योजनांतर्गत 540 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत से 16 स्कूल भवन निर्माण कार्यों में से 10 की निर्माण एजेन्सी परियोजना क्रियान्वयन इकाई लोक निर्माण विभाग तथा 6 कार्यों की निर्माण एजेंसी भवन विकास निगम होगी। 589 करोड़ 2 लाख रुपये की लागत से 19 कन्या शिक्षा परिसर भवन निर्माण कार्यों में से 7 कार्यों की निर्माण एजेंसी परियोजना क्रियान्वयन इकाई, लोक निर्माण विभाग, 07 कार्यों की भवन विकास निगम एवं 05 कार्यों की निर्माण एजेन्सी पुलिस आवास गृह एवं अधोसंरचना विकास निगम को बनाये जाने की स्वीकृति जारी कर दी गई है।

# सतना जिले में खनिज प्रतिष्ठान मद में 6 वर्षों में 256 करोड़ रुपये के कार्यों का अनुमोदन

**सतना,** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल ने सतना में जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल की बैठक में कहा है कि जिला खनिज प्रतिष्ठान मद में स्वीकृत कार्य निर्धित समय-सीमा में पूरे किये जाने चाहिये। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को गुणवत्ता के साथ कार्य करने के भी निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने बताया कि इस वर्ष अब तक जन-प्रतिनिधियों से 24 करोड़ 25 लाख 93 हजार लागत के 512 कार्यों के प्रस्ताव मिले हैं। इनमें उच्च प्राथमिकता सेक्टर के 60 प्रतिशत और अन्य प्राथमिकता के 40 प्रतिशत कार्य हैं। सांसद श्री सिंह ने कहा कि प्रतिष्ठान मद में भवनविहीन ग्राम पंचायत, स्कूल, आंगनवाड़ी और राशन दुकान के काम प्राथमिकता में होना चाहिये। उन्होंने कहा कि उन कामों को भी लिया जा सकता है, जो अन्य किसी योजना या शासकीय मदों में नहीं कराये जा सकते हैं। बैठक में बताया गया कि पिछले वर्षों में 4666 अनुमोदित कार्यों में से 2407 कार्यों में प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है।

बैठक में सतना जिले में अल्प वर्षा से प्रभावित हो रही खरीफ फसलों के संबंध में चर्चा की गई। सतना सांसद श्री गणेश सिंह ने कहा कि किसानों को सिंचाई और घरेलू उपयोग के लिये बिजली निर्बाध रूप से दी जाये। उन्होंने कहा कि बिजली से जुड़ी समस्याओं का निराकरण शिविर लगाकर किया जाये।

बैठक में बताया गया कि जिले में 24 हजार ट्रांसफार्मर हैं। इनमें से बिगड़े 1068 ट्रांसफार्मर बदल दिये गये हैं। जिले में 410 फीडर हैं, जिनमें से 50 फीडर सेंपेशन हुए हैं। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में अब तक 390 एम.एम. वर्षा हुई है।

# महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान द्वारा आयोजित पूरक परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**भोपाल,** महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, भोपाल के चेयरमैन श्री भरत बैरागी (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) ने संस्थान द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की पूरक परीक्षाओं में सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, भोपाल द्वारा संचालित संस्कृत संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के पूरक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। संस्थान के सहायक निदेशक श्री प्रवीण कुमार जैन ने बताया कि यह परीक्षाएं 21 से 28 जुलाई तक आयोजित हुई थीं। कक्षा 10वीं की पूरक परीक्षा का परिणाम 80.98 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं की पूरक परीक्षा का परिणाम 86.04 प्रतिशत रहा है।

बताया गया कि कक्षा 10वीं की पूरक परीक्षा में कुल 205 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे, जिनमें 166 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं और कक्षा 12वीं की पूरक परीक्षा में 394 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे, जिनमें 339 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

## आज़ादी का महापर्व कार्यक्रम

# आज़ादी हमें सहजता से नहीं, हजारों लोगों के त्याग और बलिदान से मिली है

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर रवीन्द्र भवन में अमृत महोत्सव अंतर्गत संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित 'आज़ादी का महापर्व' कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा दिल्ली के कर्तव्य पथ, इंडिया गेट पर लगाई गई है। शहीदों के स्मारक बन रहे हैं। स्मारक बनाकर हम उन वीरों की पूजा भी करते हैं। इसके बिना कोई देश विकास और प्रगति नहीं कर सकता।

**मुख्यमंत्री ने दी बधाई**

श्री चौहान ने स्वराज संस्थान को आज़ादी की गाथाओं पर पुस्तक प्रकाशित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन पुस्तकों को जरूर पढ़ें, अमर शहीदों के सर्वस्व न्यौछावर की वजह से हमें आज़ादी मिली है, इसे व्यर्थ न जाने दें। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में गौरवशाली, वैभवशाली, समृद्ध और शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है।

कार्यक्रम में संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि आज का कार्यक्रम अद्भुत और अनूठा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में संस्कृति विभाग पूरे समर्पण से कार्य कर रहा है। आने वाली पीढ़ी क्रांतिकारियों से परिचित हो सके इसके लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज़ादी का महापर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

**''भारत को आज़ादी सहजता से नहीं, हजारों लोगों के त्याग, तपस्या और बलिदान से मिली है। आज़ादी दिलाने वाले क्रांतिकारियों की भूमिका को कभी नहीं भुलाया जा सकता। मध्यप्रदेश के क्रांतिकारियों ने भी आज़ादी की लड़ाई में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था।''**

- **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का हो रहा है निर्माण।**
- **आज़ादी की लड़ाई में मध्यप्रदेश के क्रांतिकारियों ने दिया अमूल्य योगदान।**

मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश के स्वाधीनता संग्राम के इतिहास पर आधारित पांच पुस्तकों का विमोचन किया।

कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिवशेखर शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में सिने कलाकार श्री अन्नू कपूर और उनके दल ने देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# राज्यपाल ने किया राजभवन वेब पोर्टल के नव-संस्करण का लोकार्पण

**भोपाल,** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राजभवन वेब पोर्टल (http://governor.mp.gov.in/) के नव-संस्करण का लोकार्पण किया। राज्यपाल को वरिष्ठ अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों ने बताया कि पोर्टल के नव-संस्करण के निर्माण से एक ही साइट पर अनेक उपयोगी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। नव-संस्करण को बहुउद्देशीय उपयोग के साथ-साथ यूजर फ्रेंडली भी बनाया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से भी जरूरी परिवर्तन किए गए हैं।

राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा ने एम.पी.एस.ई.डी.सी. एवं एन.आई.सी. के सहयोग के प्रति आभार जताया। लोकार्पण में राज्यपाल के उप सचिव श्री स्वरोचिष सोमवंशी, एम.पी.एस.ई.डी.सी. के प्रबंध संचालक श्री अभिजीत अग्रवाल, एन.आई.सी. मध्यप्रदेश के उप-महानिदेशक श्री संजय हार्डीकर, वरिष्ठ निदेशक श्री कमलेश जोशी एवं राजभवन एन.आई.सी. आई.टी. सेल प्रभारी श्री जितेन्द्र पाराशर उपस्थित थे।

# आरडीएसएस के तहत देश का पहला ग्रिड इंदौर में हुआ लोकार्पित

**इंदौर,** रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (RDSS) के तहत देश में सबसे पहले तैयार किए गए इंदौर जिले के इमलीखेड़ा में अत्याधुनिक 33/11 केवी के बिजली ग्रिड का लोकार्पण जल संसाधन एवं मछुआ कल्याण मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट और सांसद श्री शंकर लालवानी ने किया। अतिथियों ने कहा कि बिजली के क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग के साथ कार्य हो रहे हैं। इसमें ग्रिड के अलावा मोनो पोल, पैंथर लाइन, अंडर ग्राउंड लाइन, ज्यादा क्षमता के ट्रांसफार्मर आदि शामिल हैं। अतिथियों ने कहा कि बिजली विकास की धड़कन है। बड़े-बड़े उद्योगों में यदि बिजली कुछ देर भी चली जाए तो बड़ा नुकसान हो जाता है, इसीलिए गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति के लिए अत्याधुनिक तरीके से ग्रिड एवं लाइनों के काम हो रहे हैं।

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट एवं सांसद श्री लालवानी ने केंद्र और मध्यप्रदेश शासन की बिजली योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं उपभोक्ताओं को दी जा रही सब्सिडी को जन-जन की मदद के लिए उपयोगी बताया।

# उर्दू विषय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी होंगे पुरस्कृत

**भोपाल,** उर्दू अकादमी ने प्रदेश के हाईस्कूल, हायर सेकेण्ड्री और उर्दू अकादमी की उर्दू कक्षा के विद्यार्थियों को उर्दू में अधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। उत्तीर्ण छात्र और छात्राएं जिन्होंने 2023 की परीक्षा में सम्मिलित होकर उर्दू विषय में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। सभी पात्र मेधावी विद्यार्थियों में से सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले को प्रथम पुरस्कार 2 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1 हजार 500 रुपये दिए जायेंगे। शेष सभी को तृतीय पुरस्कार के रूप में 1 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये जायेंगे।

# जीवन बचाने और रोगों से मुक्त करने की क्षमता रखते हैं चिकित्सक

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित समत्व भवन में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के नवनियुक्त चिकित्सकों और विशेषज्ञों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर श्री चौहान ने चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका कार्य सामान्य नौकरी या आजीविका अर्जन से कहीं बड़ा है। आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि लोगों का जीवन बचाने और उन्हें रोगों से मुक्त करने का काम आपके हाथों में है। आप अपने कार्य को इस भावना से संचालित करेंगे तो जीवन में सदैव आनंद और प्रसन्नता बनी रहेगी। लोग आपका सम्मान भी करेंगे और पूजेंगे भी। शासकीय चिकित्सालयों में प्रायः गरीब, निम्न मध्यम वर्गीय और मध्यम वर्गीय परिवारों के लोग आते हैं। हमारा प्रयास है कि हम उचित रूप से इलाज की व्यवस्था संचालित करें। स्वस्थ शरीर देश, समाज और दुनिया बनाता है। बिना स्वास्थ्य के व्यक्ति अपने किसी भी संकल्प को पूरा नहीं कर सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे लिए भी मध्यप्रदेश की जनता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। हम कितने भी बड़े अस्पताल या स्वास्थ्य संस्थान खोल लें, लेकिन इन संस्थाओं की आत्मा आप चिकित्सक ही हैं। कोविड काल में शासकीय चिकित्सालयों और चिकित्सकों द्वारा की गई सेवा का सभी ने सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर मैं राजनीति के क्षेत्र में नहीं आता तो निश्चित रूप से डॉक्टर ही बनता।

श्री चौहान ने आयुष्मान भारत योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रदेश में बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना में सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि 925 और चिकित्सकों का चयन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा किया गया है। शीघ्र ही चिकित्सकों की समस्याओं और अपेक्षाओं पर चर्चा के लिए डॉक्टर्स पंचायत आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रतीकस्वरूप सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. राजीव कनेरिया, डॉ. नमिता मिश्रा, डॉ. राजेश कुमार कौल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित्रा वर्शी, डॉ. इंद्रजीत, दंत शल्य चिकित्सक डॉ. शिवानी राय, डॉ. धीरज भईया जी दुपारे, डॉ. रितु शर्मा, सहायक माइक्रो बायोलॉजिस्ट श्री अंशुल शर्मा, सहायक औषधि विश्लेषक सुश्री ममता और सहायक लोक विश्लेषक सुश्री चंद बैगा को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नव नियुक्त चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए

**"हम और आप मिलकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐसी स्थिति निर्मित करें कि कोई गरीब और जरूरतमंद इलाज के बिना नहीं रहे। उसका सही उपचार हो और वह स्वस्थ हो। प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था है। चिकित्सकों से बेहतर सेवा देने का वचन अपेक्षित है। मध्यप्रदेश में 3 करोड़ 60 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए हैं, हम प्रदेश में आयुष्मान भारत का यूनिवर्सल कवरेज करेंगे, जो परिवार आर्थिक रूप से संपन्न हैं उन्हें छोड़कर सभी के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे।"**

- **मुख्यमंत्री द्वारा 83 शिशु रोग, 76 सर्जन विशेषज्ञ और 128 दंत शल्य चिकित्सकों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र।**
- **इनके अलावा सहायक माइक्रो बायोलॉजिस्ट (2), सहायक लोक विश्लेषक (6) तथा सहायक औषधि विश्लेषक के (24) पदों पर भी अभ्यर्थियों को मिले नियुक्ति पत्र।**

# जीवन में कुछ बेहतर और बड़ा करने का लक्ष्य रखें - मुख्यमंत्री

**"प्रत्येक विद्यार्थी के समक्ष यह विकल्प होता है कि वह या तो सामान्य जीवन जिये या देश और समाज के लिए बेहतर कार्य कर महान बनने का प्रयास करे। औरों के लिए जीना उपयोगी जीवन है। जीता वही है जो देश और समाज के लिए जीता है। स्वामी विवेकानंद ने यही प्रेरणा दी है। विद्यार्थी जीवन में कुछ बड़ा और बेहतर करने की सोचें।"**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव 2023 में महाविद्यालय का अत्याधुनिक विशाल सर्व सुविधायुक्त भवन बनाने और विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार नए संकाय खोलने की घोषणा की। श्री चौहान ने कहा कि भवन निर्माण के स्थान के निर्धारण के बाद एप्रोच रोड और अन्य कार्य भी किए जाएंगे। पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों के सुझावों पर जरूरी कदम उठाएंगे और कलेक्टर भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित विभागों से समन्वय कर इन कार्यों को पूरा कराया जायेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान स्वयं इस महाविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉलेज में सभी प्रेम से मिलते हैं। इस महाविद्यालय के परिसर में आकर अनेक यादें ताजा हो रही हैं। ऐसा लगता है दौड़कर जाएं और दोस्तों से गले लग जाएं। श्री चौहान ने बताया वे साइकिल से कॉलेज जाते थे। पहले सेफिया कॉलेज जाते थे बाद में हमीदिया। इस महाविद्यालय से अनेक हस्तियां निकली हैं, जिनमें भारत के राष्ट्रपति रहे डॉ. शंकर दयाल शर्मा भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने डॉ. शर्मा को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय से श्री बाबूलाल गौर, श्री कैलाश सारंग, श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा, श्रीमती नजमा हेपतुल्ला, श्री के.एन. प्रधान, श्री ओ.एन. श्रीवास्तव, जस्टिस फैजानुद्दीन, श्री हसनात सिद्दीकी जैसी हस्तियां पढ़कर निकलीं।

श्री चौहान ने कहा कि हमारा जीवन देश और समाज के लिए उपयोगी होना चाहिए। विवेकानंद जी की ये पंक्तियां विद्यार्थियों को याद रखनी चाहिए। स्वामी विवेकानंद के अमृत वचनों को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य के लिए कोई कार्य असंभव नहीं। वह सब कार्य कर सकता है जो ठान लेता है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# साइंस टैलेंट सर्च प्रतिभा परीक्षा के लिए पंजीयन 15 सितम्बर तक

**भोपाल,** विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था, एससीआरटी, एनसीएसएम, मेपकास्ट और विज्ञान भारती संयुक्त रूप से सांइस टैलेंट सर्च प्रतिभा परीक्षा आयोजित करेगी। परीक्षा के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2023 है। कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थी परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

परीक्षा में कुल 100 प्रश्न गौरवशाली भारतीय वैज्ञानिकों का विज्ञान के प्रति योगदान, बीरबल साहनी का जीवन परिचय, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और विज्ञान से 40 प्रतिशत, एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से 50 प्रतिशत एवं तार्किक शक्ति से 10 प्रतिशत प्रश्न पूछे जायेंगे। परीक्षा 29 और 30 नवंबर 2023 को ऑनलाइन आयोजित होगी।

परीक्षा का प्रथम चरण विद्यालय स्तर पर, द्वितीय चरण राज्य स्तर और तृतीय चरण में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा होगी। राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को भास्कर एवॉर्ड और दो हजार रुपये प्रति माह एक वर्ष तक छात्रवृत्ति मिलेगी। साथ ही 90 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित प्रयोगशाला में इन्टर्नशिप का अवसर मिलेगा। वेबसाइट www.vvm.org.in पर पंजीयन किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना में संशोधन

**भोपाल,** गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले (बीपीएल कार्डधारी) अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी, जिनके पिता/पालक की आय 8 लाख तक हो, को मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना का लाभ मिल सकेगा। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में संशोधन आदेश जारी किया गया है।

आदेशानुसार ऐसे विद्यार्थी जिनके पिता पालक की आय 8 लाख रुपये से कम हो वे योजना के लिए पात्र होंगे, परंतु ऐसे विद्यार्थी जिनके पिता/पालक की वार्षिक आय 8 लाख तक है तथा वह बीपीएल कार्डधारी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी हैं तथा कंडिका क्रमांक 3.1, 3.2, 3.3, 3.4 एवं 3.5 में उल्लेखित शर्तों के कारण योजना में सम्मिलित नहीं हो पा रहे हों, को विशेष प्रकरण मानते हुए इनके संबंध में विभागीय समन्वय में सक्षम अधिकारी के अनुमोदन प्राप्त कर उन्हें योजना में सम्मलित कर सकेंगे।

**शैक्षणिक सत्र 2023-24 से लागू होगा संशोधन**

ऐसे विद्यार्थियों को जिन्हें योजना में एक बार लाभ प्राप्त हो जाने के बाद यथा निर्दिष्ट शर्तों के अधीन आय की सीमा 8 लाख रुपये से अधिक होने पर भी पाठ्यक्रम के पूर्ण होने तक योजना के लाभ की पात्रता होगी यह संशोधन शैक्षणिक सत्र 2023-24 से लागू होगा।

शशिधर जगदीशन

## सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले बैंक सीईओ बने

एचडीएफसी बैंक के शशिधर जगदीशन वित्त वर्ष 2022-23 में सर्वाधिक वेतन पाने वाले बैंक सीईओ बन गए हैं। उन्होंने कुल वेतन में 10.55 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। जगदीशन के सहकर्मी और एचडीएफसी बैंक के डिप्टी एमडी कैजाद भरूचा को बीते वित्त वर्ष में 10 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जो देश में सर्वाधिक वेतन पाने वाले दूसरे बैंककर्मी हैं।

रेजानी रवीन्द्रन

## भारतीय छात्रा सीनेट का चुनाव लड़ेंगी

भारत में जन्मीं रेजानी रवीन्द्रन ने अमरीकी राज्य विस्कॉन्सिन में सीनेट के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा की है। कॉलेज छात्रा डेमोक्रेटिक सीनेटर टैमी बाल्डविन के खिलाफ चुनाव लड़ने वाली पहली रिपब्लिकन होंगी। सीनेटर के चुनाव में अभी सालभर का समय शेष है।

फक्सिंग बुलेट ट्रेन

## चीन में 350 किलोमीटर रफ्तार की हाईस्पीड रेल

दक्षिण पश्चिम चीन के गुइझोऊ प्रांत की राजधानी

गुइझोऊ से 350 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार वाली फक्सिंग बुलेट ट्रेन रवाना हुई। इस तरह की यह पहली हाई-स्पीड रेल है। ऊंचे पहाड़ों खड़ी घाटियों सहित रेल खंड पर जटिल भू-आकृतियों के कारण गुइयांग लिबो खंड में 86 पुल और 62 सुरंगे हैं। जो कुल दूरी का 90 फीसदी कवर करते हैं।

स्टैंड अप पैडल बोर्डिंग फेस्ट

## रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में मनाया गया

रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में स्टैंडअप पैडल बोर्डिंग फेस्ट

में हजारों लोग पैडल बोर्डिंग करने आए। फॉन्टंका नदी में काल्पनिक चरित्रों की वेशभूषा पहने तकरीबन पांच हजार से अधिक लोग फेस्ट मनाने पैडल बोर्ड पर सवार थे। इस फेस्टिवल में प्रतिभागी विभिन्न प्रकार की रंग-बिरंगी पोशाकें पहनकर शामिल होते हैं। कुछ ने परीकथा पात्रों के कपड़े पहने थे तो कुछ सुपरहीरो की पोशाक पहने हुए थे। वार्षिक पैडल बोर्ड फेस्टिवल की यह 7वीं वर्षगांठ थी।

नवीन कुमार

## एक मिनट में माथे से 273 अखरोट फोड़ कर बनाया रिकॉर्ड

भारत के नवीन कुमार ने 1 मिनट में माथे से 273 अखरोट तोड़ कर अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवा लिया। उन्होंने बिना हाथ से छुए अखरोट फोड़ने का कारनामा किया। इससे पहले मोहम्मद राशिद ने 1 मिनट में 254 अखरोट तोड़े थे। हालांकि यह प्रक्रिया बहुत जटिल है। तोड़ने के लिए कच्चे अखरोट का इस्तेमाल होता है। रिकॉर्ड के लिए अखरोट कम से कम दो हिस्सों में विभाजित होना जरूरी है।

जितिन विजयन

## फ्री फॉल का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

केरल के आइटी पेशेवर जितिन विजयन ने हाल ही में स्काई-डाइविंग में सबसे लंबे समय तक फ्री फॉल का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने तिरंगे के साथ 12.9 किलोमीटर (42,431 फीट) की ऊंचाई से 2.47 मिनट का फ्री फॉल किया। जितिन की साहसी छलांग ने न केवल उन्हें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दिलाया बल्कि स्काई-डाइव में उच्चतम ऊंचाई और पैराशूट तैनात किए बिना 60 दिनों में 3 विश्व रिकॉर्ड बनाने का गौरव भी दिलवाया।

मोथरा

## वैज्ञानिक ने खोजा नया तारा

स्पेनिश नेशनल रिसर्च काउंसिल के एस्ट्रोफिजिसिस्ट जोश डिएगो ने अंतरिक्ष में बेहद दुर्लभ, नया, विशालकाय और विचित्र तारा मोथरा खोजा है। यह धरती से इतनी ज्यादा दूरी पर है कि वहां से रोशनी आने में 1040 करोड़ साल लग जाते हैं। इसे जोश डिएगो ने बेहद दुर्लभ कायजू तारों की श्रेणी में रखा है। इस श्रेणी में उम्मीद से कहीं ज्यादा बड़े और चमकदार तारों को रखा जाता है।

जॉर्जी ग्रेयर

## प्ले देखने पहुंचा केवल एक दर्शक

हॉलीवुड अभिनेजी जॉर्जी ग्रेयर ने एक्स पर अपनी एक रोते हुए तस्वीर शेयर की और बताया कि स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग फेस्टिवल फ्रिंज में उनके बन-वुमन प्ले 'सनसेट्स' को देखने केवल एक व्यक्ति आया था। उन्होंने लिखा कोई बात नहीं है, उनका यह पोस्ट वायरल हो गया जिसके 24 घंटे बाद उनके शो के सारे टिकट बिक गए। उनके ट्वीट को 60 लाख लोगों ने देखा और उत्साह बढ़ाने के लिए लोगों ने टिकट खरीदे।

फ्रांस में

## भारतीय छात्रों को 5 साल का वीजा मिलेगा

फ्रांस ने भारतीय छात्रों को खुशखबरी दी है। यूरोपीय देश ने घोषणा की कि जिन भारतीय छात्रों ने फ्रांस में सिर्फ एक सेमेस्टर भी बिताया है, वे अब 5 साल के अल्पकालिक शेंगेन वीजा के लिए पात्र होंगे। फ्रांस ने कहा कि 2030 तक भारत से 30 हजार छात्रों का स्वागत करने का उसका लक्ष्य अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना, सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देना और दीर्घकालिक मित्रता को बढ़ावा देना है।

पीडरसन

## बिना फ्लाइट के 10 वर्ष में दुनिया घूमी

डेनमार्क के पीडरसन को दुनिया घूमने का जुनून कुछ इस कदर छाया कि उन्होंने 10 साल पहले नौकरी तक छोड़ दी। प्रेमिका और परिवार को अलविदा कहकर दुनिया घूमने के लिए निकल पड़े। उन्होंने एक भी यात्रा फ्लाइट से नहीं की। 24 मई 2023 को पीडरसन ने 203वें देश मालदीव की यात्रा पूरी की और डेनमार्क लौटे हैं। पीडरसन ने 3,576 दिन की यात्रा में 37 कंटेनर जहाज, 158 ट्रेन, 351 बस, 219 टैक्सी, 33 नाव और 43 रिक्शा में सफर किया।

कवि थिरुवल्लुवर

## अक्षरों से बनी प्रतिमा स्थापित

महान कवि थिरुवल्लुवर की 25 फीट ऊंची तमिल अक्षरों से बनी प्रतिमा कोयंबटूर में स्थापित की गई। यह मूर्ति कुरीचिकुलम झील के किनारे लगाई गई है। 2.5 टन वजनी मूर्ति थिरुवल्लुवर रचित 1330 कुरन (दोहे) के सम्मान में 1330 अक्षरों को जोड़ कर बनाई गयी है।

इक्वाडोर में

## राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या, आपातकाल लागू

इक्वाडोर में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फर्नांडो विलाविसेंशियो की हत्या के बाद आपातकाल लागू कर दिया गया है। राजधानी क्विटो में एक राजनैतिक रैली में फर्नांडो के सिर पर गोली मार कर उनकी हत्या कर दी गई। ज्ञात रहे कि 20 अगस्त को राष्ट्रपति चुनाव होने जा रहे हैं। राष्ट्रपति गुलेर्मो लासो ने तीन दिन के राष्ट्रीय शोक और आपातकाल लागू किए जाने की घोषणा की है।

थाइलैंड में

## 27 साल बाद लौटा राजा का बेटा

थाइलैंड के राजा के दूसरे नंबर के बेटे वाचरासोर्न विवाचारवोंगसे 27 वर्ष बाद न्यूयॉर्क में रहने के बाद पितृगृह बैंकांक लौट आए हैं। न्यूयॉर्क की लॉ कंपनी में काम करने वाले वाचरासोर्न के लौटने को राजनीतिक परिदृश्य में राजगद्दी के उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा है। ज्ञात रहे कि दिसंबर से थाइलैंड की राजकुमारी कोमा में हैं।

आर. त्यागराजन

## कर्मचारियों में बांट दी 6 हजार करोड़ की संपत्ति

दक्षिण भारत के कारोबारी और श्रीराम ग्रुप के फाउंडर आर. त्यागराजन ने अपनी सारी संपत्ति अपने कर्मचारियों को दान कर दी। तमिलनाडु के किसान परिवार में जन्में, गणित से स्नातक और भारतीय सांख्यिकी संस्थान से मास्टर्स डिग्री पास आर. त्यागराजन ने 20 साल तक नौकरी करने के बाद यह कंपनी खोली थी। 1974 में दो दोस्तों के साथ श्रीराम ग्रुप की स्थापना की। उन्होंने 6 हजार करोड़ की संपत्ति दान करते हुए कहा कि जरूरतमंदों को सेवा का फल जरूर मिलना चाहिए। उन्होंने अपने लिए एक छोटा घर और कार रखी है और शेष संपत्ति कर्मचारियों के बीच दान कर दी है।

संजय कुमार अग्रवाल

## सीबीआईसी के चेयरमैन बने

आईआरएस अफसर संजय कुमार अग्रवाल ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन का कार्य भार संभाल लिया। उन्होंने 31 मई को सेवानिवृत्त हुए विवेक जौहरी का स्थान ग्रहण किया है। सीबीआईसी में चेयरमैन के साथ समिति में 6 सदस्यों का भी मनोनयन किया जाएगा।

सिंगापुर में

## एक सितम्बर को राष्ट्रपति चुनाव

सिंगापुर में यदि राष्ट्रपति पद के लिये एक से अधिक उम्मीदवार योग्य पाये जाते हैं, तो इसके लिये एक सितम्बर को चुनाव कराया जायेगा। यदि नामांकन के दिन 22 अगस्त को एक ही प्रत्याशी दावेदारी प्रस्तुत करता है तो वह स्वतः राष्ट्रपति निर्वाचित हो जायेगा। भारतीय मूल के पूर्व मंत्री थर्मन शन्मुगरत्नम सहित 4 नेता पहले ही उम्मीदवारी की इच्छा जता चुके हैं।

चंद्रयान-3

## अंतरिक्ष से भेजी तस्वीरें

भारत का चंद्रमिशन चंद्रयान-3 तेजी से अपने लक्ष्य

की ओर आगे बढ़ रहा है। इस बीच भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने एक बार फिर चंद्रयान-3 के कैमरे से ली हुई चंद्रमा की तस्वीरें जारी की हैं। इसरो ने ट्विटर पर बताया कि एक तस्वीर पृथ्वी की है जिसे लैंडर कैमरे ने लॉन्च के एक दिन बाद लिया था। वहीं दूसरी तस्वीर चंद्रयान अंतरिक्ष यान के चांद की कक्षा में प्रवेश करने के एक दिन बाद की है। माना जा रहा है कि संभवतः 23 अगस्त तक चंद्रमा पर चंद्रयान पहुंच जाएगा।

## स्मृति शेष

### भौतिक शास्त्री विकास सिन्हा का निधन

साहा नाभिकीय भौतिक संस्थान एवं परिवर्तित ऊर्जा साइक्लोट्रॉन केंद्र के पूर्व निदेशक वैज्ञानिक विकास सिन्हा का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वर्ष 2001 में पद्मश्री और 2010 में पद्मभूषण से सम्मानित सिन्हा उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे। उन्हें बंगविभूषण पुरस्कार भी मिला है।

### गेम ऑफ थ्रोन्स फेम अभिनेता केंट का निधन

'गेम ऑफ थ्रोन्स' के अभिनेता डैरेन केंट का 36 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। टैलेंट एजेंसी कैरी डॉड एसोसिएट्स ने उनके निधन की घोषणा सोशल मीडिया पर की है। यूनाइटेड किंगडम में जन्मे केंट ने अपने फिल्मी कैरियर की शुरुआत 2008 में आई हॉरर फिल्म 'मिरर्स' से की थी। डैरेन अवॉर्ड विनिंग डॉक्योरेक्टर और राइटर रहे हैं। जानकारी के अनुसार केंट डैरेन लंबे समय से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए वस्तुनिष्ठ प्रश्न

# सामान्य अध्ययन

**प्रश्न 1. विधेयक को कानून में अधिनियमत करने में किसकी सहमति आवश्यक होती है?**
(अ) राष्ट्रपति
(ब) उच्चतम न्यायालय
(स) प्रधानमंत्री
(द) संसद
**उत्तर - (अ) राष्ट्रपति**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित में से किसने इंग्लिश ईस्ट इंडिया कंपनी का संस्थापक चार्टर जारी किया?**
(अ) एलिजाबेथ I
(ब) जेम्स II
(स) जेम्स I
(द) चार्ल्स I
**उत्तर - (अ) एलिजाबेथ I**

**प्रश्न 3. विजयनगर साम्राज्य की स्थापना के समय दिल्ली का सुल्तान कौन था?**
(अ) बलबन
(ब) कुतुबुउद्दीन ऐबक
(स) रजिया सुल्तान
(द) मोहम्मद बिन तुगलक
**उत्तर - (द) मोहम्मद बिन तुगलक**

**प्रश्न 4. किस आंदोलन के तहत अमीर जमींदारों/किसानों को भूमिहीन लोगों को जमीन का एक टुकड़ा दान करने के लिये कहा गया था?**
(अ) भूदान आंदोलन
(ब) सहकारिता आंदोलन
(स) भूमि का एकीकरण
(द) चिपको आंदोलन
**उत्तर - (अ) भूदान आंदोलन**

**प्रश्न 5. भारत ने 1971 में ..... के साथ 20 वर्षीय 'शांति तथा मित्रता संधि' पर हस्ताक्षर किये थे।**
(अ) श्रीलंका
(ब) बांग्लादेश
(स) सोवियत संघ
(द) अमेरिका
**उत्तर - (स) सोवियत संघ**

**प्रश्न 6. भारत में हरित क्रांति के लाभ केवल ..... तक सीमित थे।**
(अ) गेहूं तथा चावल
(ब) जौ तथा ज्वार
(स) जौ तथा अनाज
(द) चावल तथा जौ
**उत्तर - (अ) गेहूं तथा चावल**

**प्रश्न 7. प्राचीन तथा प्रारंभिक मध्ययुगीन भारत में एक संघ प्रमुख को कहा जाता था -**
(अ) अधिकारी
(ब) अधिपति
(स) गृहपति
(द) जेतक
**उत्तर - (द) जेतक**

**प्रश्न 8. भूमध्य रेखा पर क्षोभमण्डल (ट्रोपोस्फीयर) की मोटाई निम्न में से किस मौसम में सबसे अधिक होती है?**
(अ) शीतकालीन
(ब) वसंत
(स) ग्रीष्मकालीन
(द) शरद ऋतु
**उत्तर - (स) ग्रीष्मकालीन**

**प्रश्न 9. भारत में खाद्य सुरक्षा के लिये किस योजना पर विस्तार से चर्चा हुई?**
(अ) पांचवीं योजना
(ब) आठवीं योजना
(स) छठी योजना
(द) नवीं योजना
**उत्तर - (द) नवीं योजना**

**प्रश्न 10. ..... संयुक्त राष्ट्र की एक इकाई है जो सभी सदस्य राष्ट्रों से निर्मित है -**
(अ) सुरक्षा परिषद
(ब) आर्थिक व सामाजिक परिषद
(स) न्यासी परिषद
(द) महासभा
**उत्तर - (द) महासभा**

**प्रश्न 11. भारत में नई आर्थिक नीति की शुरुआत कब हुई थी?**
(अ) 1990
(ब) 1991
(स) 1992
(द) 1993
**उत्तर - (ब) 1991**

**प्रश्न 12. भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद एक स्वतंत्र चुनाव आयोग प्रदान करता है?**
(अ) 323 (ब) 327
(स) 324 (द) 325
**उत्तर - (स) 324**

**प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किस राजवंश का शासनकाल सबसे लंबा था?**
(अ) प्रतिहार (ब) पाल
(स) सेन (द) राष्ट्रकूट
**उत्तर - (ब) पाल**

**प्रश्न 14. निम्न में से कौनसा वायसराय इलबर्ट बिल विवाद से जुड़ा था?**
(अ) लॉर्ड रिपन
(ब) लॉर्ड लिटन
(स) लॉर्ड कर्जन
(द) लॉर्ड हार्डिंग
**उत्तर - (अ) लॉर्ड रिपन**

**प्रश्न 15. इंडो-यूनानी इतिहास का महत्वपूर्ण प्राथमिक स्रोत कौन-सा है?**
(अ) स्मारक
(ब) शिलालेख
(स) सिक्के
(द) साहित्यिक ग्रंथ
**उत्तर - (स) सिक्के**

**प्रश्न 16. निम्न में से किस मुगल सम्राट ने तम्बाकू के उपयोग को प्रतिबंधित किया था?**
(अ) जहांगीर
(ब) बाबर
(स) शाहजहां
(द) अकबर
**उत्तर - (अ) जहांगीर**

**प्रश्न 17. शेरशाह द्वारा प्रचलित किया गया तथा मुगलों द्वारा जारी रखा गया चांदी का सिक्का था -**
(अ) रुपया
(ब) अशर्फी
(स) मोहर
(द) दीनार
**उत्तर - (अ) रुपया**

**प्रश्न 18. राज्य सरकार की बर्खास्तगी और राज्य विधानसभा के निलंबन या विघटन की सिफारिश करने की शक्ति किसके पास है?**
(अ) प्रधानमंत्री
(ब) संसद
(स) राज्यपाल
(द) कैबिनेट
**उत्तर - (स) राज्यपाल**

**प्रश्न 19. विश्व स्तर पर हरित क्रांति का जनक किसे माना जाता है?**
(अ) थॉमस माल्थस
(ब) नॉर्मन बोरलॉग
(स) सेलिस सेलमन
(द) विलियम एस. गौड़
**उत्तर - (ब) नॉर्मन बोरलॉग**

**प्रश्न 20. भारत में महिला प्रवासन की उच्चतम प्रतिशतता के लिये निम्नलिखित में से कौन-सा कारण उत्तरदायी है?**
(अ) स्थिरता
(ब) रोजगार
(स) विवाह
(द) शिक्षा
**उत्तर - (स) विवाह**

**प्रश्न 21. निम्नलिखित में से किसकी खेती के लिये अफगानिस्तान का 'हेलमंद प्रांत' प्रसिद्ध है?**
(अ) अफीम
(ब) गेहूं
(स) कपास
(द) तंबाकू
**उत्तर - (अ) अफीम**

**प्रश्न 22. लाल बहादुर शास्त्री की समाधि को किस नाम से भी जाना जाता है -**
(अ) शक्ति स्थल
(ब) शांति वन
(स) चित्रभूमि
(द) विजयघाट
**उत्तर - (द) विजयघाट**

**प्रश्न 23. दक्षिण अफ्रीका के कितने देश मिलकर दक्षिण अफ्रीकी सीमा शुल्क संघ का निर्माण करते हैं?**
(अ) 3 (ब) 5
(स) 4 (द) 6
**उत्तर - (ब) 5**

**प्रश्न 24. निम्नलिखित में से असम की बराक घाटी किसके लिये प्रसिद्ध है?**
(अ) बांस उद्योग
(ब) पेट्रोलियम उत्पादन
(स) कुटीर उद्योग
(द) चाय की खेती
**उत्तर - (द) चाय की खेती**

**प्रश्न 25. भारत छोड़ो आंदोलन किस वर्ष शुरू किया गया था?**
(अ) 1945 (ब) 1942
(स) 1930 (द) 1919
**उत्तर - (ब) 1942**

**प्रश्न 26. वृहत ज्वार-भाटा और लघु ज्वार-भाटा के बीच अनुमानित अंतराल क्या है?**
(अ) 30 दिन
(ब) 1 दिन
(स) 7 दिन
(द) 15 दिन
**उत्तर - (स) 7 दिन**

**प्रश्न 27. सारनाथ की सिंह राजधानी निम्न में से किस राजा से संबंधित थी?**
(अ) विक्रमादित्य
(ब) कनिस्क
(स) अशोक
(द) घटोत्कच्छ
**उत्तर - (स) अशोक**

**प्रश्न 28. वायुमंडल की किस परत में ओजोन गैस केंद्रित है?**
(अ) एस्थेनोस्फीयर
(ब) समतापमंडल
(स) आयनमंडल
(द) बाह्यमंडल
**उत्तर - (ब) समतापमंडल**

**प्रश्न 29. चालकोलिथिक युग को किस रूप में भी जाना जाता है?**
(अ) नियोलिथिक युग
(ब) ताम्र युग
(स) पाषाण युग
(द) बाह्यमंडल
**उत्तर - (ब) ताम्र युग**

**प्रश्न 30. किसके शासनकाल में अहमद शाह अब्दाली ने आक्रमण किया था?**
(अ) जहांदार शाह
(ब) शाह आलम II
(स) बहादुर शाह
(द) अहमद शाह
**उत्तर - (ब) शाह आलम II**

**प्रश्न 31. 1564 में अकबर ने निम्न में से किस भेदभावपूर्ण कर को समाप्त कर दिया था?**
(अ) खराज
(ब) जकात
(स) जजिया
(द) खुम्स
**उत्तर - (स) जजिया**

**प्रश्न 32. अष्टदिग्गज किसके शासन-काल में थे?**
(अ) मराठा
(ब) विजयनगर
(स) मुगल
(द) मगध
**उत्तर - (ब) विजयनगर**

**प्रश्न 33. अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी को वर्ष ..... में समाप्त कर दिया था?**
(अ) 1859
(ब) 1860
(स) 1858
(द) 1867
**उत्तर - (स) 1858**

**प्रश्न 34. पीपुल्स प्लान की वकालत किसके द्वारा की गई थी?**
(अ) महात्मा गांधी
(ब) नारायण अग्रवाल
(स) जय प्रकाश
(द) एम.एन. रॉय
**उत्तर - (द) एम.एन. रॉय**

**प्रश्न 35. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की स्थापना कब हुई?**
(अ) 1946
(ब) 1950
(स) 1949
(द) 1948
**उत्तर - (अ) 1946**

**प्रश्न 36. भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना किस वर्ष में की गई थी?**
(अ) 1946
(ब) 1935
(स) 1950
(द) 1949
**उत्तर - (ब) 1935**

**प्रश्न 37. 1837 में किन्होंने ब्राह्मी लिपि में लिखित सम्राट अशोक के लिये प्रयोग की गई उपाधि 'देवनामप्रिय प्रियदस्सी' का अर्थ निकाला?**
(अ) अलैक्जेंडर कनिंघम
(ब) जेम्स प्रिंसेप
(स) वी.एस. स्मिथ
(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**उत्तर - (ब) जेम्स प्रिंसेप**

**प्रश्न 38. पुणे में युवतियों के लिये मुक्ति मिशन की स्थापना किसने की?**
(अ) ज्योतिबा फुले
(ब) पंडिता रमाबाई
(स) सावित्री फुले
(द) ईश्वरचंद्र विद्यासागर
**उत्तर - (ब) पंडिता रमाबाई**

**प्रश्न 39. पहले पल्लव किस वंश के सामंत थे?**
(अ) सातवाहन
(ब) चोल
(स) कुषाण
(द) कोई नहीं
**उत्तर - (अ) सातवाहन**

**प्रश्न 40. किस वंश के तहत 'मथुरा कला विद्यालय' समृद्ध हुआ?**
(अ) कुषाण
(ब) गुप्त
(स) शुंग
(द) मौर्य
**उत्तर - (अ) कुषाण**

**प्रश्न 41. राज्य का सप्तांग सिद्धांत निम्नलिखित में से किस ग्रंथ द्वारा स्थापित किया गया था?**
(अ) राजतरंगिणी
(ब) अर्थशास्त्र
(स) मनुस्मृति
(द) रघुवंशम
**उत्तर - (ब) अर्थशास्त्र**

**प्रश्न 42. भारत सरकार के किस अधिनियम के तहत अनुचित व्यापार प्रथाओं को शामिल किया गया है?**
(अ) मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम
(ब) एमआरटीपी
(स) फेमा
(द) फेरा
**उत्तर - (ब) एमआरटीपी**

**प्रश्न 43. किसी व्यक्ति को अपने मौलिक अधिकारों की सुरक्षा के लिये सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों में पहुंचने का अधिकार है, क्योंकि वे ... हैं?**
(अ) अभिगम्य
(ब) न्यायोचित
(स) तर्कसंगत
(द) वहनीय
**उत्तर - (ब) न्यायोचित**

**प्रश्न 44. क्षेत्रीय समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से द्वितीय पंचवर्षीय योजना के आधार पर .... का गठन किया गया?**
(अ) औद्योगिक नीति संकल्प 1948
(ब) औद्योगिक नीति संकल्प 1951
(स) औद्योगिक नीति संकल्प 1956
(द) औद्योगिक नीति संकल्प 1977
**उत्तर - (स) औद्योगिक नीति संकल्प 1956**

**प्रश्न 45. किस वेद में गायत्री मंत्र समाहित है?**
(अ) सामवेद (ब) ऋग्वेद
(स) यजुर्वेद (द) अथर्ववेद
**उत्तर - (ब) ऋग्वेद**

**- श्रद्धा सुमन**

(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये

# संख्यात्मक योग्यता परीक्षण

**प्र. 1 घनश्याम दो घड़ियां बेचता है। पहली घड़ी का क्रय मूल्य दूसरी घड़ी के विक्रय मूल्य के बराबर है। पहली घड़ी को 30 प्रतिशत लाभ से बेचा गया, जबकि दूसरी घड़ी को 30 प्रतिशत की हानि पर। पहली घड़ी के विक्रय मूल्य का दूसरी घड़ी के क्रय मूल्य से क्या अनुपात है -**

(अ) 100 : 91
(ब) 91 : 100
(स) 80 : 100
(द) 100 : 80

**उत्तर - (ब) 91 : 100**

**व्याख्या -** प्रश्नानुसर

पहली घड़ी का क्रय मूल्य $(CP_1) = x$ है

तथा उसका विक्रय मूल्य $(SP_1) = \frac{130x}{100}$ है

दूसरी घड़ी का विक्रय मूल्य $(SP_2) = y$ है

दूसरी घड़ी का क्रय मूल्य $(CP_2) = \frac{100y}{70}$

है, अतः $SP_1 : CP_2 = \frac{130x}{100} : \frac{100y}{70}$

$= \frac{13}{10} : \frac{10}{7}$ या 91 : 100

**प्र. 2 श्याम एक टेबल को उसके अंकित मूल्य से 21% की छूट से खरीदता है। यदि उसने वह टेबल 23 प्रतिशत की छूट के साथ खरीदी होती तो उसे 70 रुपये की बचत प्राप्त होती। श्याम ने टेबल कितने मूल्य में खरीदी -**

(अ) 3500 रुपये
(ब) 4000 रुपये
(स) 5000 रुपये
(द) 2765 रुपये

**उत्तर - (द) 2765 रुपये**

**व्याख्या -** प्रश्नानुसर यदि विक्रय मूल्य 100 रुपये है तो श्याम की खरीद 21% कम यानी 79 की है, अगर वह 23 प्रतिशत कम अर्थात् 77 रुपये में खरीदता तो उसके 70 रुपये अधिक बचते। अर्थात् जब अंतर 2 रुपये का है तो विक्रय मूल्य 100 है।

जब अंतर 70 रुपये का हो तो विक्रय मूल्य $100 \times 70/2 = 3500$ रुपये। 3500 रुपये विक्रय मूल्य पर श्याम को 21 प्रतिशत की छूट मिलती है। अतः उसका क्रय मूल्य होगा।

∵ 100 रुपये पर 21 रुपये छूट है।

∴ 3500 रुपये पर छूट होगी

$= \frac{21}{100} \times \frac{3500}{1} =$ 735 रुपये

विक्रय मूल्य - छूट = क्रय मूल्य

3500 - 735 = 2765 रुपये क्रय मूल्य होगा।

**प्र. 3 अगर 100 रु. में 8 सेब खरीदे जाते हैं, तो 100 रु. में कितने सेब बेचे जायें, कि लाभ 14.28 प्रतिशत हो -**

(अ) 6 (ब) 7
(स) 8 (द) 5

**उत्तर - (ब) 7**

**प्र. 4 4000 रुपये एक निश्चित चक्रवृद्धि ब्याज की दर से एक वर्ष में 6000 रुपये हो जाते हैं। 4 वर्ष पश्चात् 4000 रुपये कितने हो जायेंगे, जबकि ब्याज दर समान है -**

(अ) 20250 (ब) 18250
(स) 19500 (द) 20000

**उत्तर - (अ) 20250**

**व्याख्या -** माना कि ब्याज दर $x\%$ है तो प्रश्नानुसार

$4000 \times \frac{100+x}{100} = 6000$

$40\ (100 + x) = 6000$

$4000 + 40x = 6000$

$40x = 6000 - 4000$

$40x = 2000$

$x = \frac{2000}{40} = 50$ प्रतिशत ब्याज दर

50 प्रतिशत ब्याज दर (चक्रवृद्धि) पर 4000 रुपये हो जायेंगे

$= 4000 \times \frac{150}{100} \times \frac{150}{100} \times \frac{150}{100} \times \frac{150}{100}$

$= 4000 \times \frac{3}{2} \times \frac{3}{2} \times \frac{3}{2} \times \frac{3}{2}$

= 20250 रुपये।

**प्र. 5 मोबाइल हैंडसेट का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 60 प्रतिशत अधिक है। अगर दुकानदार उस मोबाइल को न लाभ ना हानि की स्थिति में बेचना चाहता है तो वह अधिकतम कितनी छूट ग्राहक को दे सकता है -**

(अ) 50 प्रतिशत
(ब) 62.5 प्रतिशत
(स) 37.5 प्रतिशत
(द) 25 प्रतिशत

**उत्तर - (स) 37.5 प्रतिशत**

**व्याख्या -** प्रश्नानुसर मानाकि वास्तविक क्रय मूल्य 100 रु. है तब 60 प्रतिशत लाभ के साथ अंकित मूल्य होगा 160 रु. अब अगर दुकानदार ना लाभ ना हानि की स्थिति में मोबाइल बेचना चाहता है तो उसे मोबाइल वास्तविक कीमत अर्थात् 100 रु. में बेचना होगा, तब छूट की सीमा होगी

∵ अंकित मूल्य 160 है तो विक्रय मूल्य 100 है

∴ जब प्रतिशत ज्ञात करने हेतु 100 से गुणा

$\frac{100}{160} \times \frac{100}{1} = 62.5$

विक्रय मूल्य 62.5 आयेगा अर्थात् वह 100 - 62.5 = 37.5 प्रतिशत की अधिकतम छूट दे सकता है।

**प्र. 6 निम्नलिखित में सीरीज में लुप्त अंक ज्ञात कीजिये 3, 7, 15, 31 -**

(अ) 62 (ब) 63
(स) 60 (द) 65

**उत्तर - (ब) 63**

**व्याख्या -** प्रश्नानुसार हर अंक में दोगुना होने के बाद 1 जोड़ना है -

$3 \times 2+1 = 7 \ldots 31 \times 2 = 62 + 1 = 63$

**प्र. 7 दो रेलगाड़ियां समान गति से विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। यदि प्रत्येक रेलगाड़ी की लंबाई 120 मीटर है तथा वे एक दूसरे को 12 सेकण्ड में पार करती है तो प्रत्येक रेलगाड़ी की गति कितनी होगी (किमी/घण्टा) में -**

(अ) 45 (ब) 36
(स) 80 (द) 120

**उत्तर - (ब) 36**

**व्याख्या -** प्रश्नानुसार रेलगाड़ी की गति

$= \frac{1}{2}\left(\frac{120+120}{12}\right)$

= 240/24 = 10 मी./से. है।

$= 10 \times \frac{18}{5} = 36$ किमी/घण्टा

**प्र. 8 चक्रवृद्धि ब्याज से एक धन 2 वर्षों में 4850/- हो जाता है और तीन वर्षों में 5335 रुपये हो जाता है। वार्षिक ब्याज दर है -**

(अ) 10% (ब) 12%
(स) 18% (द) 20%

**उत्तर - (अ) 10%**

**व्याख्या -** सूत्रानुसार

दो वर्षों $= P\left(1+\frac{R}{100}\right)^2 = 4850$ ----1

तीन वर्षों $= P\left(1+\frac{R}{100}\right)^3 = 5335$ ----2

समीकरण 2 को 1 से विभाजित करने पर

$1+\frac{R}{100} = \frac{5335}{4850} = \frac{11}{10}$

$\frac{R}{100} = \frac{11}{10} - 1 = \frac{1}{10}$ है

इसीलिये R = 10%

**प्र. 9 10 वर्षों के पश्चात् A की आयु B की 10 वर्ष पहले की आयु की दोगुनी हो जायेगी। यदि अभी A, B से 9 वर्ष बड़ा है, तो B की वर्तमान आयु है -**

(अ) 39 वर्ष (ब) 38 वर्ष
(स) 35 वर्ष (द) 40 वर्ष

**उत्तर - (स) 35 वर्ष**

**व्याख्या -** प्रश्न के अनुसार माना कि B की वर्तमान आयु $x$ है

अतः A की वर्तमान आयु होगी $x + 9$ वर्ष

10 वर्ष पूर्व B की आयु थी $x$ - 10 वर्ष

10 वर्ष पश्चात A की आयु होगी $= x + 9 + 10 = (x + 19)$ वर्ष

प्रश्न के अनुसार $(x - 10)\ 2 = x + 19$

$2x - 20 = x + 19$

$x = 39$ वर्ष

**प्र. 10 A तथा B बहनें हैं। R तथा S भाई हैं। A की बेटी R की बहन है। B का S के साथ क्या संबंध है -**

(अ) माँ (ब) भाई
(स) मौसी (द) बहन

**उत्तर - (स) मौसी**

**व्याख्या -** R की बहन A की बेटी है अतः A, R की माँ है। R और S भाई है, अतः B, S की मौसी है।

**प्र. 11 अविनाश के बेटे की बहन की माँ सान्या है। सान्या अविनाश से कैसे संबंधित है -**

(अ) पत्नी (ब) बहन
(स) माँ (द) दादी

**उत्तर - (अ) पत्नी**

**व्याख्या -** अविनाश के बेटे की बहन मतलब अविनाश की बेटी। सान्या बेटी की माँ है, इसीलिये अविनाश की पत्नी हुई।

**प्र. 12 यदि एक राशि का 2 वर्ष में $12\frac{1}{2}\%$ प्रतिवर्ष की दर पर चक्रवृद्धि ब्याज 340 रुपये होता है, तो उसी दर से समान राशि पर उसी अवधि के लिये साधारण ब्याज कितने रुपये होगा -**

(अ) 320 रुपये
(ब) 343 रुपये
(स) 300 रुपये
(द) 310 रुपये

**उत्तर - (अ) 320 रुपये**

**व्याख्या -** इस प्रश्न में सबसे पहले मूलधन ज्ञात करना होगा जिसका सूत्र है

ब्याज $= \text{मूलधन} \left\{\left(1+\frac{r}{100}\right)^n - 1\right\}$

$340 = P\left\{\left(1+\frac{25}{200}\right)^2 - 1\right\}$

$340 = P\left\{\left(\frac{9}{8}\right)^2 - 1\right\}$

$P = \frac{340 \times 64}{17} = 1280$

अब साधारण ब्याज ज्ञात करने का सूत्र है

$\frac{PRT}{100}$

$\frac{\text{मूलधन} \times \text{ब्याज दर} \times \text{समय}}{100}$

$\frac{1280 \times 25 \times 2}{100 \times 2}$

= 320 रुपये साधारण ब्याज

**प्र. 13 आठ मित्र एक समारोह में हाथ मिलाते हैं, सभी सबसे एक बार हाथ मिलाते हैं। संभावित हाथ मिलाने की संख्या है -**

(अ) 64 (ब) 28
(स) 30 (द) 56

**उत्तर - (ब) 28**

**व्याख्या -** 7 + 6 + 5 + 4 + 3 + 2 + 1 = 28

**प्र. 14 एक पुरुष को अपने पति से परिचत कराते हुये, एक स्त्री ने कहा कि उसके भाई के पिता मेरे दादा के इकलौते पुत्र हैं। यह स्त्री किस प्रकार से उस पुरुष से संबंधित है -**

(अ) माता (ब) बहन
(स) चाची (द) दादी

**उत्तर - (ब) बहन**

**प्र. 15 छात्राओं की एक पक्ति में अनु बाएं से नौवें स्थान पर तथा रानी दाएं से तेरहवें स्थान पर है। दोनों अपना स्थान आपस में बदल लेती है तब अनु का स्थान बाएं से सत्रहवां हो जाता है। अब इस पंक्ति के दाहिने छोर से रानी का नया स्थान है-**

(अ) 20वां
(ब) 21वां
(स) 22वां
(द) 23वां

**उत्तर - (ब) 21वां**

**व्याख्या -** प्रश्नानुसार पंक्ति में कुल छात्राओं की संख्या 13+17-1 = 29 है।

दाहिने छोर से रानी का नया स्थान नौवां है।

अतः 29 - 9 + 1 = 21वां

**प्र. 16 जगन अनु से 3 साल छोटा है। जब दोनों की शादी हुई थी, उस समय दोनों की आयु का योग 45 वर्ष था। जगन की शादी के समय उसके छोटे भाई सोनू की आयु जगन से पांच वर्ष कम थी। शादी के समय सोनू की आयु क्या थी -**

(अ) 17 वर्ष (ब) 16 वर्ष
(स) 21 वर्ष (द) 22 वर्ष

**उत्तर - (ब) 16 वर्ष**

**व्याख्या -** प्रश्नानुसार जगन की आयु है = अनु की आयु - 3 वर्ष

इसीलिये J - A = -3

और J + A = 45 (प्रश्न में दिया हुआ है)

हल करने पर 45-3 = 42/2 जगन की आयु 21 वर्ष प्राप्त होती है।

उसके भाई की आयु 5 वर्ष कम है अर्थात् 21 - 5 = 16 वर्ष होगी।

**प्र. 17 किसी परीक्षा में '+' का अर्थ '×' है '-' का '+' है '×' का '÷' है और '÷' का मतलब '-' है तो निम्न प्रश्न का सही उत्तर होगा -**

**825 × 25 - 27 ÷ 10 = ?**

(अ) 50 (ब) 60
(स) 100 (द) 120

**उत्तर -** (अ) 50

**व्याख्या -** प्रश्नानुसार व्यवस्थित करने पर संख्या होगी 825 ÷ 25 + 27 - 10 = 50

**प्र. 18 एक बर्तन में 72 लि. शुद्ध घी है, जिसमें 18 ली. वनस्पति घी मिलाना है। अगर बर्तन में से मिश्रण का 45 ली. घी निकाल लिया जाता है, तो बर्तन में बचे हुय शुद्ध घी की मात्रा होगी -**

(अ) 45 ली. (ब) 36 ली.
(स) 27 ली. (द) 63 ली.

**उत्तर - (ब) 36 ली.**

**व्याख्या -** प्रश्नानुसार शुद्ध घी की मात्रा 72 ली.

वनस्पति घी की मात्रा 18 लीटर

मिश्रण की कुल मात्रा 90 लीटर

शुद्ध घी और वनस्पति घी का अनुपात 72 : 18 या 4 : 1 है।

बर्तन में शेष मिश्रण की मात्रा 45 लीटर है (90-45)

बर्तन में शुद्ध घी की मात्रा होगी $\frac{45}{1} \times \frac{4}{5}$ = 36 लीटर

**प्र. 19 यदि 169 को एक संख्या के वर्ग में से घटाया जाता है तो परिणाम 7056 आता है वह संख्या है -**

(अ) 85 (ब) 88
(स) 75 (द) 80

**उत्तर - (अ) 85**

**व्याख्या -** प्रश्नानुसार संख्या होगी

$\sqrt{7056 + 169}$

$\sqrt{7225} = 85$

**प्र. 20 राधा एक पंक्ति में बाएं छोर से 18वें नंबर पर खड़ी है। यदि पंक्ति में कुल 38 छात्रायें हैं, तो राधा का स्थान दायें छोर से कौन सा होगा -**

(अ) 21 (ब) 19
(स) 20 (द) 22

**उत्तर - (अ) 21**

**व्याख्या -** प्रश्नानुसार कुल छात्रायें 38 हैं अतः दायें छोर से स्थान होगा 38 - 18 + 1 = 21वां

**- डॉ. माया राठी**
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं)

# विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

## हिन्दी

**1. मलिक मुहम्मद जायसी की रचना नहीं है?**
(A) मधुमालती
(B) अखरावट
(C) आखिरी कलाम
(D) पद्मावत
**उत्तर-** (A) मधुमालती

**2. 'काव्यादर्श' ग्रंथ के रचनाकार हैं?**
(A) वामन (B) भामह
(C) दण्डी (D) रूद्रट
**उत्तर-** (C) दण्डी

**3. प्रभा खेतान की आत्मकथा है?**
(A) एक कहानी यह भी
(B) अन्या से अनन्या
(C) पिंजरे की मैना
(D) हादसे
**उत्तर-** (B) अन्या से अनन्या

**4. 'पहला गिरमिटिया' उपन्यास के लेखक हैं?**
(A) अभिमन्यु अनत
(B) विष्णु प्रभाकर
(C) गिरिराज किशोर
(D) श्रीलाल शुक्ल
**उत्तर-** (C) गिरिराज किशोर

**5. 'शंकर शेष' द्वारा रचित नाटक नहीं है?**
(A) कोर्ट मार्शल
(B) अरे मायावी सरोवर
(C) एक और द्रोणाचार्य
(D) घरौंदा
**उत्तर-** (A) कोर्ट मार्शल

**6. 'रामचन्द्रिका' के रचनाकार हैं?**
(A) रसखान
(B) केशवदास
(C) नंददास
(D) नरपति नाल्ह
**उत्तर-** (B) केशवदास

**7. 'पाल गोमरा का स्कूटर' कहानी के रचनाकार का नाम है?**
(A) उदय प्रकाश
(B) अखिलेश
(C) दिनेश पालीवाल
(D) वाल्मीकि त्रिपाठी
**उत्तर-** (A) उदय प्रकाश

**8. इनमें से रेणुजी की कौन-सी कहानी का नाम 'मारे गए गुलफाम' भी था?**
(A) पंचलाइट
(B) लालपान की बेगम
(C) रसप्रिया
(D) तीसरी कलम
**उत्तर-** (D) तीसरी कलम

**9. स्त्री विमर्श के पुरोधा माने जाते हैं?**
(A) नामवर सिंह
(B) अज्ञेय
(C) मोहन राकेश
(D) राजेन्द्र प्रसाद
**उत्तर-** (D) राजेन्द्र प्रसाद

**10. 'गुड़िया भीतर गुड़िया' किस प्रसिद्ध लेखिका की आत्मकथा है?**
(A) मन्नू भंडारी
(B) पुष्पा मैत्रेयी
(C) कृष्णा अग्निहोत्री
(D) प्रभाखेतान
**उत्तर-** (B) पुष्पा मैत्रेयी

**11. 'चीड़ो पर चांदनी' किस लेखन की कृति है?**
(A) श्रीकांत वर्मा
(B) विष्णु प्रभाकर
(C) निर्मल वर्मा
(D) राजकिशोर
**उत्तर-** (C) निर्मल वर्मा

**12. 'ब्रम्हराक्षस' कविता में किस काव्य तत्व का प्रमुख उपयोग है?**
(A) मिथक
(B) विखण्डन
(C) बिम्ब
(D) फैंटेसी
**उत्तर-** (D) फैंटेसी

**13. 'स्वच्छन्दतावाद' के जन्मदाता माने जाते हैं?**
(A) विक्टर ह्यूगो
(B) कीर्केगार्ड
(C) क्रोचे
(D) रूसो
**उत्तर-** (D) रूसो

**14. कवित्त रत्नाकर के रचयिता हैं?**
(A) जगन्नाथदास रत्नाकर
(B) सेनापति
(C) पद्माकर
(D) देव
**उत्तर-** (B) सेनापति

**15. 'रागदरबारी' उपन्यास के लेखक हैं?**
(A) मनोहर श्याम जोशी
(B) निर्मल वर्मा
(C) श्रीलाल शुक्ल
(D) धर्मवीर भारती
**उत्तर-** (C) श्रीलाल शुक्ल

**16. 'छायावाद का पतन' किस लेखक की कृति है?**
(A) रामविलास शर्मा
(B) भारतभूषण अग्रवाल
(C) गजानन माधव मुक्तिबोध
(D) डॉ. देवराज उपाध्याय
**उत्तर-** (D) डॉ. देवराज उपाध्याय

**17. ध्वनि का संबंध किस शब्द शक्ति से है?**
(A) अभिधा (B) लक्षणा
(C) व्यंजना (D) सभी से
**उत्तर-** (C) व्यंजना से

**18. 'असाध्य वीणा' इनमें से किस कवि की कृति है?**
(A) निराला (B) दिनकर
(C) अज्ञेय (D) मुक्तिबोध
**उत्तर-** (C) अज्ञेय

**19. 'गोबर गणेश' नामक उपन्यास के लेखक कौन हैं?**
(A) कमलेश्वर
(B) काशीनाथ सिंह
(C) महीप सिंह
(D) रमेशचन्द्र शाह
**उत्तर-** (D) रमेशचन्द्र शाह

**20. 'काव्य प्रकाश' के रचयिता इनमें से कौन हैं?**
(A) आचार्य मम्मट
(B) आचार्य विश्वनाथ
(C) आचार्य कुन्तक
(D) आनन्दवर्धन
**उत्तर-** (A) आचार्य मम्मट

**21. 'कोटर और कुटीर' कहानी के लेखक हैं?**
(A) लक्ष्मीकांत वर्मा
(B) सियाराम शरण गुप्त
(C) गजानन माधव मुक्तिबोध
(D) रामस्वरूप चतुर्वेदी
**उत्तर-** (B) सियाराम शरण गुप्त

**22. कौन सी रचना शरतचन्द्र की जीवनी है?**
(A) कलम का सिपाही
(B) मनीषी की लोकयात्रा
(C) आवारा मसीहा
(D) निराला की साहित्य साधना
**उत्तर-** (C) आवारा मसीहा

**23. 'अनुराग बांसुरी' किस सूफी कवि की रचना है?**
(A) नूर मुहम्मद
(B) मलिक मुहम्मद जायसी
(C) मुल्ला दाउद
(D) आलम
**उत्तर-** (A) नूर मुहम्मद

**24. कौन सी रचना डॉ. राम विलास शर्मा की है?**
(A) मध्यकालीन बोध का स्वरूप
(B) आधुनिक हिन्दी कविता की प्रमुख प्रवृत्तियां
(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और हिन्दी आलोचना
(D) कविता के नए प्रतिमान
**उत्तर-** (C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और हिन्दी आलोचना

**25. प्रगतिवादी काव्य की समय सीमा इनमें से क्या है?**
(A) 1920-1936 ई.
(B) 1936-1943 ई.
(C) 1943-1950 ई.
(D) 1950-1960 ई.
**उत्तर-** (B) 1936-1943 ई.

**26. यह पंक्ति किस कवि की लिखि हुई है-**
**'जिसको न निज गौरव तथा निज देश का अभिमान है।'**
(A) मैथिलीशरण गुप्त
(B) माखनलाल चतुर्वेदी
(C) गयाप्रसाद शुक्ल 'स्नेही'
(D) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
**उत्तर-** (A) मैथिलीशरण गुप्त

**27. कौनसा उपन्यास सूरदास जी की जीवनी पर आधारित है?**
(A) परती परिकथा
(B) मानस का हंस
(C) खंजन नयन
(D) अमृत और विष
**उत्तर-** (C) खंजन नयन

**28. सूरदास के दृष्टकूट पद किस ग्रंथ में हैं?**
(A) सूरसागर
(B) सूरसारावली
(C) साहित्य लहरी
(D) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर-** (C) साहित्य लहरी

**29. राधावल्लभ सम्प्रदाय के प्रवर्तक कौन हैं?**
(A) चैतन्य महाप्रभु
(B) स्वामी हरिदास
(C) गोस्वामी हित हरिवंश
(D) वृन्दावन दास
**उत्तर-** (C) गोस्वामी हित हरिवंश

**30. इनमें से 'जम्बुक' निबंध के लेखक कौन हैं?**
(A) विद्यानिवास मिश्र
(B) विवेकी राय
(C) कुबेरनाथ राय
(D) गणपतिचन्द्र गुप्त
**उत्तर-** (C) कुबेरनाथ राय

**31. 'सेठ बाकेमल' के रचनाकार हैं?**
(A) नागार्जुन
(B) उदयशंकर भट्ट
(C) अमृतलाल नागर
(D) फणीश्वरनाथ रेणु
**उत्तर-** (C) अमृतलाल नागर

**32. 'तेरी मेरी उसकी बात' उपन्यास के लेखक हैं?**
(A) यशपाल
(B) चतुरसेन शास्त्री
(C) भगवतीचरण वर्मा
(D) अमृतलाल नागर
**उत्तर-** (A) यशपाल

**33. 'मित्रो मरजानी' किसकी रचना है?**
(A) कृष्णा अग्निहोत्री
(B) कृष्णा सोबती
(C) उषा प्रियवंदा
(D) मन्नू भंडारी
**उत्तर-** (B) कृष्णा सोबती

**34. 'चित्राधार' के रचयिता हैं?**
(A) मुकुटधर पाण्डेय
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) सुमित्रानंदन पंत
(D) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
**उत्तर-** (B) जयशंकर प्रसाद

**35. 'बरवै रामायण' के रचयिता कौन हैं?**
(A) रहीम (B) नन्ददास
(C) तुलसी (D) सूरदास
**उत्तर-** (C) तुलसीदास

**36. रामप्रसाद निरंजनी की कृति कौन सी है?**
(A) लाल चंद्रिका
(B) दो सौ बावन वैष्णवन की वार्ता
(C) भाषायोग वशिष्ठ
(D) अगहन महात्म
**उत्तर-** (C) भाषायोग वशिष्ठ

**37. 'भावकत्वं साधारणी करणं' किस आचार्य का कथन है?**
(A) मम्मट
(B) भट्ट नायक
(C) भट्टलोलक
(D) आचार्य अभिनव गुप्त
**उत्तर-** (B) भट्ट नायक

**38. औचित्य को काव्य की आत्मा किसने स्वीकार किया है?**
(A) भरतमुनि
(B) आनन्दवर्धन
(C) क्षेमेन्द्र
(D) कुन्तक
**उत्तर-** (C) क्षेमेन्द्र

**39. 'बकरी' नामक नाटक के लेखक हैं?**
(A) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(B) सुरेन्द्र शर्मा
(C) लक्ष्मी नारायण व्यास
(D) मुद्रा राक्षस
**उत्तर-** (A) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

**40. 'जिंदगी और जोंक' कहानी के लेखक हैं?**
(A) जैनेन्द्र
(B) धर्मवीर भारती
(C) कमलेश्वर
(D) अमरकांत
**उत्तर-** (D) अमरकांत

**41. 'लक्ष्मीपुरा' नामक रिपोर्ताज के लेखक हैं?**
(A) रांगेय राघव
(B) शिवदान सिंह चौहान
(C) शमशेर बहादुर सिंह
(D) धर्मवीर भारती
**उत्तर-** (B) शिवदान सिंह चौहान

**42. 'नए साहित्य का सौंदर्यशास्त्र' कृति के लेखक हैं?**
(A) डॉ. नामवर सिंह
(B) डॉ. गणपति चन्द्रगुप्त
(C) गजानन माधव मुक्तिबोध
(D) डॉ. राम विलास शर्मा
**उत्तर-** (C) गजानन माधव मुक्तिबोध

**43. 'बीजक' संकलन में कबीरदास की रचनाएं किसने संकलित की हैं?**
(A) कबीर (B) रैदास
(C) सुंदरदास (D) धर्मदास
**उत्तर-** (D) धर्मदास

**44. किस कवि का वास्तविक नाम वैद्यनाथ मिश्र है?**
(A) धूमिल (B) नागार्जुन
(C) त्रिलोचन (D) अंचल
**उत्तर-** (B) नागार्जुन

**45. इनमें से कौन सी रचना तुलसीदास जी की नहीं है?**
(A) पार्वती मंगल
(B) जानकी मंगल
(C) रुकमणी मंगल
(D) बरवै रामायण
**उत्तर-** (C) रुकमणी मंगल

**46. 'भक्तमाल' के रचयिता कौन थे?**
(A) ज्ञानदास (B) नन्ददास
(C) नाभादास (D) कृष्णदास
**उत्तर-** (C) नाभादास

**47. 'भास्कर रामायण' किस भाषा में लिखी गई है?**
(A) तमिल (B) तेलुगु
(C) कन्नड़ (D) मलयालम
**उत्तर-** (B) तेलुगु

**48. अधली नसानी अब न नसैहों.... पंक्ति किस काव्य ग्रंथ की है?**
(A) कवितावली
(B) गीतावली
(C) विनयपत्रिका
(D) कोई नहीं
**उत्तर-** (C) विनयपत्रिका

**49. 'जगद्धिनोर' के रचयिता कवि कौन हैं?**
(A) देव (B) मतिराम
(C) भूषण (D) पद्माकर
**उत्तर-** (D) पद्माकर

**50. 'नहि पराग नहि मधुर मधु नहि विकास इहिकाल'.... यह पंक्ति किस कवि की है?**
(A) बिहारीलाल (B) घनानन्द
(C) पद्माकर (D) सेनापति
**उत्तर-** (A) बिहारीलाल

**51. गिरधर कविराय की रचनाएं किस छंद में हैं?**
(A) रोला (B) कुण्डलिया
(C) दोहा चौपाई (D) सोरठा
**उत्तर-** (B) कुण्डलिया

**- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय**
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं।)

ई संजीवनी टेली-कंसल्टेशन सुविधा

# नागरिकों के लिए साबित हो रही 'संजीवनी'

सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के लिए कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कई योजनाएं, कार्यक्रम और नई पहल इन्हीं अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को केंद्र में रखते हुए शुरू की गई हैं। ऐसी ही एक सुविधा है, ई-संजीवनी टेली-कंसल्टेशन। इससे देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई क्रांति आई है। इसके माध्यम से नागरिकों को घर बैठे एक्सपर्ट डॉक्टर की सलाह आसानी से उपलब्ध हो रही है। इससे लाभार्थियों के घरों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाकर गांव और शहर के बीच के अंतर को पाटने में सहायता मिली है। यही वजह है कि करोड़ों की संख्या में आज देश की जनता इस सेवा का लाभ ले रही है। कुछ दिनों पहले ही देश में 14 करोड़ 'ई-संजीवनी टेली-कंसल्टेशन' का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। एक तरह से देखा जाए तो ई संजीवनी सुविधा देश-प्रदेश के नागरिकों के लिए 'संजीवनी' साबित हो रही है।

### कब शुरू की गई थी यह सेवा?

केंद्र सरकार द्वारा 2019 में यह सेवा शुरू की गई थी। ई-संजीवनी ओपीडी के जरिए मरीज डॉक्टर से ऑनलाइन संपर्क कर सकते हैं। ई-संजीवनी ओपीडी का फायदा देश का हर नागरिक उठा सकता है। यहां मरीजों को डॉक्टर टेली-कंसल्टेशन मुफ्त में दिया जाता है। ई-संजीवनी का लाभ अब तक लगभग 14 करोड़ लोग उठा चुके हैं। ई-संजीवनी किसी भी देश की अपनी तरह की पहली टेलीमेडिसिन पहल है। इसके दो प्रकार हैं, जिसमें से एक ई-संजीवनी आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स) के माध्यम से डॉक्टर-टू-डॉक्टर टेलीमेडिसिन सेवा है और दूसरी ई-संजीवनी ओपीडी सेवा है।

### 'मेक इन इंडिया' पहल का एक उदाहरण है 'ई-संजीवनी'

ई-संजीवनी स्वदेशी रूप से विकसित प्लेटफॉर्म है। यह प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक) की मोहाली शाखा में स्वास्थ्य सूचना विज्ञान समूह ने तैयार किया है, इसलिए यह 'मेक इन इंडिया' पहल का एक उदाहरण है। कई अनुभवी इंजीनियर उच्च प्रवाह क्षमता और उच्च सक्रियता अवधि सुनिश्चित करने के लिए निरंतर बैक एंड तकनीकी और परिचालन सहायता प्रदान कर रहे हैं। राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन सेवा 99.5 फीसदी से अधिक सक्रियता अवधि के साथ संचालित है।

ई-संजीवनी आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन का हिस्सा है और मूलतः दो वर्टिकल पर काम करता है। पहला वर्टिकल ई-संजीवनी AB-HWC (आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र योजना) टेली-परामर्श प्रदान करके ग्रामीण-शहरी डिजिटल स्वास्थ्य विभाजन की खाई को पाटने का प्रयास करता है। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि आयुष्मान भारत योजना के सभी ई-लाभार्थी उन फायदों को प्राप्त करने में सक्षम हैं, जिनके वे वास्तव में हकदार हैं। यह वर्टिकल Hub-and-Spoke model (हब एंड स्पोक मॉडल) पर काम करता है। इस मॉडल को ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से 1,09,748 आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों तथा 14,188 चिकित्सा केंद्रों में सफलतापूर्वक लागू किया गया है। दूसरा वर्टिकल ई-संजीवनी ओपीडी (OPD) है, जो ग्रामीण एवं शहरी दोनों तरह के क्षेत्रों में समान रूप से नागरिकों की प्राथमिक चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करता

है। इसके माध्यम से स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप के जरिये प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया जाता है, जिससे डॉक्टर के परामर्श को रोगी के निवास स्थान की परवाह किए बिना सुलभ बनाया जा सकता है। देश के सभी हिस्सों के नागरिकों ने 'ई-संजीवनी ओपीडी' को तेजी से और व्यापक रूप से अपनाया है। यह एंड्रॉयड और आईओएस आधारित स्मार्टफोन, दोनों के लिए एक मोबाइल एप्प के रूप में उपलब्ध है।

### कोरोना काल में वरदान साबित हुई 'ई-संजीवनी'

सरकार इस सुविधा को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। कोरोना महामारी यानी कोविड-19 के दौर में 'ई-संजीवनी' सेवा देश के काफी काम आई है। चूंकि इस सुविधा के माध्यम से लोग डॉक्टर के पास प्रत्यक्ष रूप से जाने की बजाय घर में ही बैठ कर ही सीधे एक्सपर्ट डॉक्टर की सलाह ले सकते हैं, इसलिए सोशल डिस्टेंसिंग के दौर में यह पहल काफी उपयोगी साबित हुई। इससे उम्रदराज लोगों को काफी लाभ मिला है। इसके अलावा भारत के दुर्गम इलाकों में बसे लोगों को भी 'ई-संजीवनी' से काफी फायदा हुआ है।

### सरकार तैयार कर रही है विकसित हेल्थ एंड वेलनेस इकोसिस्टम

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इलाज को किफायती बनाना ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। इसके लिए समय-समय पर सरकार द्वारा कई योजनाएं और सेवाएं भी शुरू की गईं।

- आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा। इसके तहत अभी तक देश के करोड़ों मरीजों के बीमारी में उपचार के लिए खर्च होने वाले पैसे बचे हैं।
- देशभर में स्थापित करीब 9 हजार जन-औषधि केंद्रों पर बाजार से बहुत सस्ती कीमत पर दवाएं उपलब्ध हैं। इससे भी गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को लगभग सिर्फ दवाई खरीद करने में 20 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है।
- सरकार का एक प्रमुख फोकस इस बात पर भी रहा है कि लोगों को घर के पास ही टेस्टिंग की सुविधा मिले, प्राथमिक उपचार की बेहतर सुविधा हो। इसके लिए देशभर में डेढ़ लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तैयार हो रहे हैं। इन सेंटर्स में डायबिटीज, कैंसर और हार्ट से जुड़ी गंभीर बीमारियों की स्क्रीनिंग की सुविधा है।
- पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत क्रिटिकल हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को छोटे शहरों और कस्बों तक ले जाया जा रहा है। इससे छोटे शहरों में नए अस्पताल तो बन ही रहे हैं, साथ ही साथ हेल्थ सेक्टर से जुड़ा एक पूरा इकोसिस्टम भी विकसित हो रहा है। इसमें भी हेल्थ आंत्रप्रेन्योर के लिए, इन्वेस्टर्स के लिए, प्रोफेशनल्स के लिए अनेक नए अवसर बन रहे हैं।
- ड्रोन टेकनोलॉजी की वजह से दवाओं की डिलिवरी और टेस्टिंग से जुड़े लॉजिस्टिक्स में एक क्रांतिकारी परिवर्तन आते दिख रहा है। ये यूनिवर्सल हेल्थ केयर के हमारे प्रयासों को बल देगा। ये हमारे आंत्रप्रेन्योर के लिए भी बहुत बड़ा अवसर है। हमारे आंत्रप्रेन्योर ये सुनिश्चित करें कि हमें कोई भी टेक्नोलॉजी अब इंपोर्ट करने से बचना चाहिए, आत्मनिर्भर बनना ही है। भारत सरकार इसके लिए जरूरी संस्थागत सुधार भी कर रही है। इस प्रकार सबके प्रयास से ही विकसित भारत में एक विकसित हेल्थ एंड वेलनेस इकोसिस्टम तैयार किया जा सकता है।

### मध्यप्रदेश में मददगार बन रही मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक

देश में ई-संजीवनी को अपनाने वाले राज्यों में मध्यप्रदेश अग्रणी सूची में है। प्रदेश के 50 लाख 26 हजार से ज्यादा नागरिकों ने इस सुविधा का लाभ उठाया है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार स्वस्थ मध्यप्रदेश की दिशा में प्रदेश के सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रदेश के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। प्रदेश में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 783 मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक हैं। प्रदेश के 16 नगर निगम हैं, जिनमें प्रमुखता से सर्वाधिक मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक की स्वीकृति प्राप्त है।

**- रश्मि रंजन**

(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

# विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये - सामान्य ज्ञान खेल

1. **इस वर्ष किस देश ने पुरुष वर्ग में एफआईएच प्रो लीग का खिताब जीता है?**
(अ) नीदरलैंड (ब) स्पेन
(स) ब्रिटेन (द) बेल्जियम

2. **विराट कोहली ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में किस देश के खिलाफ शतक बनाया है?**
(अ) इंग्लैंड
(ब) अफगानिस्तान
(स) पाकिस्तान
(द) श्रीलंका

3. **वर्ष 1988 में किस शहर में ओलिंपिक खेलों का आयोजन हुआ था?**
(अ) मॉस्को
(ब) लॉस एंजेलिस
(स) सियोल
(द) बीजिंग

4. **इनमें से किस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा बार ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता है?**
(अ) रॉय इमरसन
(ब) नोवाक जोकोविच
(स) आंद्रे अगासी
(द) रॉड लेवर

5. **भारत ने कितनी बार सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप जीती है?**
(अ) पांच बार
(ब) आठ बार
(स) नौ बार
(द) इनमें से कोई नहीं

6. **इनमें से किस निशानेबाज ने ओलिंपिक खेलों में पदक नहीं जीता है?**
(अ) अभिनव बिंद्रा
(ब) गगन नारंग
(स) विजय कुमार
(द) जीतू राय

7. **कैप्टन रूपसिंह क्रिकेट स्टेडियम भारत के किस शहर में स्थित है?**
(अ) ग्वालियर (ब) मोहाली
(स) जयपुर (द) कानपुर

8. **इंग्लैंड के गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने टेस्ट क्रिकेट में कितने विकेट लिये हैं?**
(अ) 502 (ब) 515
(स) 600 (द) 604

9. **इस वर्ष किस महिला खिलाड़ी ने स्टटगार्ट ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीता है?**
(अ) पेत्रा क्वितोवा
(ब) कोको गॉफ
(स) ईगा स्वितेक
(द) आर्यना सबालेंका

10. **टेनिस में पुरुष युगल वर्ग में चारों ग्रैंड स्लैम टाइटल जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं?**
(अ) महेश भूपति
(ब) प्रकाश अमृतराज
(स) रोहन बोपन्ना
(द) लिएंडर पेस

11. **किस देश के नाम सबसे ज्यादा बार फीफा वूमेन वर्ल्डकप जीतने का रिकॉर्ड दर्ज है?**
(अ) जर्मनी (ब) बेल्जियम
(स) अमेरिका (द) जापान

12. **रवि कुमार दाहिया ने टोक्यो ओलिंपिक खेलों में कौन-सा पदक जीता था?**
(अ) स्वर्ण पदक
(ब) रजत पदक
(स) कांस्य पदक
(द) कोई भी पदक नहीं

13. **कैगिसो रबाडा किस देश के लिए क्रिकेट खेलते हैं?**
(अ) द. अफ्रीका (ब) वेस्टइंडीज
(स) न्यूजीलैंड (द) जिम्बाब्वे

14. **अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में किस फुटबॉलर के नाम सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड दर्ज है?**
(अ) थॉमस मुलर
(ब) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(स) लियोनल मेसी
(द) ह्यूगो लॉरिस

15. **इस वर्ष स्पेन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल चैम्पियन बने हैं?**
(अ) केंटा निशिमोटो
(ब) एंडर्स एंटोनसेन
(स) किदांबी श्रीकांत
(द) इनमें से कोई नहीं

16. **इनमें से किस क्रिकेटर ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है?**
(अ) वेंकटेश प्रसाद
(ब) वीवीएस लक्ष्मण
(स) अनिल कुंबले
(द) राहुल द्रविड

17. **मुरली श्रीशंकर एथलेटिक्स की किस स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) चक्का फेंक (ब) भाला फेंक
(स) लंबी कूद (द) तिहरी कूद

18. **एशियाई खेल-2018 में किस देश ने फुटबॉल में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक जीता था?**
(अ) जापान (ब) द. कोरिया
(स) ईरान (द) अफगानिस्तान

19. **इनमें से किस देश ने अब तक स्नो वर्ल्डकप नहीं जीता है?**
(अ) फ्रांस (ब) न्यूजीलैंड
(स) द. अफ्रीका (द) इंग्लैंड

20. **इनमें से कौन भारत की पहली महिला शतरंज ग्रैंडमास्टर हैं?**
(अ) एस. विजयलक्ष्मी
(ब) हरिका द्रोणवल्ली
(स) कोनेरू हंपी
(द) तानिया सचदेव

21. **इनमें से किस क्लब ने प्रीमियर लीग समर सीरीज का पहला सत्र जीता है?**
(अ) लिवरपूल
(ब) चेल्सी
(स) मैनचेस्टर सिटी
(द) आर्सेनल

22. **इनमें से कौन-सा देश इस बार आईसीसी वन-डे क्रिकेट वर्ल्डकप में नहीं खेलेगा?**
(अ) पाकिस्तान (ब) न्यूजीलैंड
(स) श्रीलंका (द) वेस्टइंडीज

23. **इस वर्ष चार्ल्सटन ओपन में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी हैं?**
(अ) ओंस जबेऊर
(ब) बेलिंडा बेनकिक
(स) किकि बर्टेस
(द) एलिना वेसनिना

24. **टेनिस के महान खिलाड़ियों में शामिल राफेल नडाल किस देश के नागरिक हैं?**
(अ) ब्रिटेन (ब) स्पेन
(स) स्विट्जरलैंड (द) कनाडा

25. **किस फुटबॉलर को वर्ष 2023 में लॉरियर स्पोर्ट्स अवॉर्ड में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है?**
(अ) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(ब) करीम बेंजेमा
(स) लियोनल मेसी
(द) एर्लिंग हॉलैंड

**उत्तर**

**1. (अ), 2. (ब), 3. (स), 4. (ब), 5. (स), 6. (द), 7. (अ), 8. (द), 9. (स), 10. (द), 11. (स), 12. (ब), 13. (अ), 14. (ब), 15. (अ), 16. (द), 17. (स), 18. (ब), 19. (अ), 20. (अ), 21. (ब), 22. (द), 23. (अ), 24. (ब), 25. (स)**

**- पुष्पेंद्र कुमार सविता**

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

### पश्चिम बंगाल पुलिस भर्ती बोर्ड, कोलकाता

**पद का नाम** - वार्डर्स
**पदों की संख्या** - कुल 130 पद
**योग्यता** - 10वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवारों की उम्र 1 जनवरी 2023 को 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
**अंतिम तिथि** - 26 अगस्त 2023
**https://prb.wb.gov.in%29/**
**http://wbcorrectionalservices.gov.in, https://wbpolice.gov.in/**

### दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (DSSSB)

**पद का नाम** - कुल 1841 पद (पीजीटी के 47 पद, टीजीटी कंप्यूटर साइंस के 6 पद, टीजीटी स्पेशल के 581 पद, संगीत शिक्षक के 182 पद, गैर शिक्षण के 1025 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी)
**पदों की संख्या** - मैनेजमेंट ट्रेनी 60, क्लर्क 50
**योग्यता** - पदानुसार अलग-अलग।
**अंतिम तिथि** - 15 सितंबर, 2023
**https://dsssb.delhi.gov.in/**

### भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, पंचकुला

**पद का नाम** - प्रशिक्षु अभियंता-I
**पदों की संख्या** - इलेक्ट्रॉनिक्स 8 पद, यांत्रिक 28 पद
**योग्यता** - पदानुसार।
**अंतिम तिथि** - 26 अगस्त, 2023
**https://bel-india.in/**

### जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस कमीशन

**पद का नाम** - मेडिकल ऑफिसर (एलोपैथिक)
**पदों की संख्या** - 247
**योग्यता** - पदानुसार।
**अंतिम तिथि** - 26 अगस्त, 2023
**https://jkpsc.nic.in/**

### भर्ती एवं मूल्यांकन केंद्र (RAC), रक्षा अनुसन्धान एवं विकास संगठन (DRDO)

**पद का नाम** - साइंटिस्ट 'B' (डीआरडीओ), साइंटिस्ट 'B' (डीएसटी), साइंटिस्ट/इंजीनियर 'B' (एडीए), साइंटिस्ट 'B' (सीएमई)
**पदों की संख्या** - 181, 11, 6, 6
**योग्यता** - पदानुसार।
**अंतिम तिथि** - 31 अगस्त, 2023
**https://rac.gov.in,**
**https://drdo.gov.in/**

### मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

**पद का नाम** - सुपरवाइजर (ऑपरेशन) 26 पद, सुपरवाइजर (सिग्नलिंग & टेलीकॉम/रोलिंग स्टॉक) 07 पद, मेंटेनर (सिग्नलिंग & टेलीकॉम/रोलिंग स्टॉक) 10 पद, सुपरवाइजर (ट्रैक्शन/E&M) 08 पद, मेंटेनर (ट्रैक्शन/E&M) 09 पद, सुपरवाइजर (ट्रैक) 02 पद, मेंटेनर (ट्रैक) 15 पद, सुपरवाइजर (Works) 02 पद, मेंटेनर (Works) 03 पद, स्टोर (असिस्टेंट स्टोर) 02 पद, HR (Assistant Human Resource) 02 पद, अकाउंट (असिस्टेंट फाइनेंस) 02 पद
**पदों की संख्या** - कुल 88 पद, सभी पद कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर हैं।
**योग्यता** - पदानुसार।
**अंतिम तिथि** - 31 अगस्त, 2023
**https://www.mpmetrorail.com/**

## एडमिशन अलर्ट

### पं. दीनदयाल इंस्टीट्यूट ऑफ आर्कियोलॉजी, नोएडा

**पाठ्यक्रम का नाम** - पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन आर्कियोलॉजी
**योग्यता** - किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/संस्थान से न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ प्राचीन या मध्य कालीन भारतीय इतिहास/आर्कियोलॉजी/एंथ्रोपोलॉजी/जियोलॉजी (प्लीस्टोसीन युग के ज्ञान के साथ)/पाली, प्राकृत, अरेबिक अथवा पार्सियन एवं भारतीय शास्त्रीय भाषाओं जैसे कि तमिल, संस्कृत, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम अथवा उड़िया में मास्टर डिग्री धारक उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।
**अंतिम तिथि** - 31 अगस्त, 2023
**https://asiegov.gov.in/webapi/ioa/**

### नेशनल आर्काइव्स ऑफ इंडिया

**पाठ्यक्रम का नाम** - आर्काइव्स एंड रिकॉर्ड मैनेजमेंट में डिप्लोमा
**योग्यता** - किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ एमए (आधुनिक भारतीय इतिहास वैकल्पिक विषय के रूप में हो) अथवा सोशल साइंस की अन्य स्ट्रीम जैसे कि एंथ्रोपोलॉजी, इकोनॉमिक्स, पॉलिटिकल साइंस, सोशलॉजी, लिंग्युस्टिक इत्यादि में मास्टर डिग्री धारक उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ एप्लाइड साइंस/फिजिकल साइंस में एम.एससी. डिग्री धारक भी आवेदन के लिए पात्र हैं।
**अंतिम तिथि** - 31 अगस्त, 2023
**https://nationalarchives.nic.in/**

### दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट (डीईआई), आगरा

**पाठ्यक्रम का नाम** - पीएच.डी. (विभिन्न विषयों से)
**योग्यता** - न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों अथवा 5.5/10 सीजीपीए के साथ संबंधित विषय में मास्टर डिग्री धारक कैंडिडेट्स आवेदन कर सकते हैं। वहीं इंजीनियरिंग डिसिप्लिन के कैंडिडेट्स के लिए न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक अथवा 7.5/10 सीजीपीए के साथ बी.टेक. या समतुल्य डिग्री या GATE में 90 या अधिक पर्सेंटाइल वाले कैंडिडेट्स आवेदन कर सकते हैं। GATE स्कोर वाले कैंडिडेट्स का संबंधित क्षेत्र में कम से कम एक वर्ष का कार्य अनुभव।
**अंतिम तिथि** - 1 सितंबर, 2023
**https://www.dei.ac.in/dei/**

### डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग

**पाठ्यक्रम का नाम** - लॉ में एक वर्षीय मास्टर डिग्री कोर्स (यंग लीडर्स प्रोग्राम के तहत क्यूशू यूनिवर्सिटी जापान से कोर्स कराया जाएगा)
**योग्यता** - किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज से ग्रेजुएट कैंडिडेट्स इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। कैंडिडेट का एकेडमिक रिकॉर्ड अच्छा होना चाहिए। इसके साथ ही कैंडिडेट के पास 4 वर्ष का वर्क एक्सपीरियंस होना चाहिए। कैंडिडेट ने लॉ ऑफीसर के रूप में अथवा किसी कंपनी के लीगल सेक्शन में या फिर शासकीय विभाग में काम किया हो। कैंडिडेट को अंग्रेजी बोलने और लिखने का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। कैंडिडेट ने सेना में काम न किया हो।
**अंतिम तिथि** - 31 अगस्त, 2023
**https://dopt.gov.in/sites/default/files/Training%20Circular-3.pdf**

## स्कॉलरशिप/इंटर्नशिप/पुरस्कार अलर्ट

### मैस्कॉट (शुभंकर) डिज़ाइन प्रतियोगिता

**संस्था का नाम** - पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार
**किसके लिए** - सभी नागरिकों के लिए।
**योग्यता** - विभाग द्वारा प्रस्तावित मैस्कॉट (शुभंकर) का नाम गौरी है। कोई भी भारतीय नागरिक शुभंकर डिजाइन करके भेज सकता है। विजेता को पशुपालन विभाग की ओर से 25,000/- रुपये की पुरस्कार राशि के साथ मेरिट सर्टिफिकेट दिया जाएगा।
**अंतिम तिथि** - 30 अगस्त 2023
**https://www.mygov.in/task/mascot-design-contest-department-animal-husbandry-and-dairying/**

### राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार - 2023

**संस्था का नाम** - मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार
**किसके लिए** - यह पुरस्कार तीन श्रेणियों में प्रदान किया जाता है (1.स्वदेशी मवेशी/भैंस की नस्लों को पालने वाले सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान, 2. सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (एआईटी) और 3.सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी/दुग्ध उत्पादक कंपनी/डेयरी किसान उत्पादक संगठन)। ये पुरस्कार राष्ट्रीय दुग्ध दिवस (26 नवंबर, 2023) के अवसर पर प्रदान किए जाएंगे।
**योग्यता** - पात्रता मानदंड और नामांकन की ऑनलाइन प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर लॉग इन करें।
**अंतिम तिथि** - 15 सितंबर, 2023
**https://awards.gov.in या https://lahd.nic.in**

### राष्ट्रीय धातु विज्ञानी पुरस्कार-2023

**संस्था का नाम** - इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार
**किसके लिए** - ये पुरस्कार चार श्रेणियों में दिए जाएंगे (1. लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, 2. राष्ट्रीय धातुकर्मी पुरस्कार, 3. युवा धातुकर्मी पुरस्कार (क. पर्यावरण, ख. धातु विज्ञान) और 4. लौह एवं इस्पात क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के लिए)। यह केवल उन भारतीय नागरिकों के लिए हैं जिन्होंने उद्योग, अनुसंधान एवं विकास या शिक्षा क्षेत्र में अपने कार्य के माध्यम से भारत में धातु विज्ञान के क्षेत्र में योगदान दिया है। उम्मीदवार की पात्रता पर 01 जनवरी, 2023 से विचार किया जाएगा।
**योग्यता** - राष्ट्रीय धातु विज्ञानी पुरस्कारों से संबंधित पात्रता मानदंड और अन्य निबंधन एवं शर्तों के बारे में दिशा-निर्देश वेबसाइट लिंक पर उपलब्ध हैं।
**अंतिम तिथि** - 6 सितंबर, 2023
**https://awards.steel.gov.in**

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)*

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

## दस महत्वपूर्ण सामाजिक .....

आज़ादी का संघर्ष शुरू हुआ तब नाना साहब पेशवा, मंगल पाण्डे, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर वासुदेव फड़के, रासबिहारी बोस, लाल-बाल-पाल के रूप में जाने गए लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक, विपिनचंद्र पाल और फिर मदन मोहन मालवीय और महात्मा गांधी तक सभी ने वतन के लिए मरने-मिटने का कार्य किया। कई क्रांतिकारी जैसे भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाषचंद्र बोस, वीर सावरकर ने कड़ी सजाएं भोगी और फांसी के फंदे पर चढ़ते हुए क्रांतिकारियों के पांव नहीं कांपे। अशफाकउल्ला खान, सुखदेव, उधम सिंह और अनेक क्रांतिवीरों ने भारत माता के उद्घोष के साथ जीवन का बलिदान दिया। ऐसे प्रयासों से भारत आजाद हुआ। इसके साथ ही देश के विभाजन की विभीषिका भुलाए नहीं भूलती। राष्ट्र के टुकड़े हो गए। कश्मीर की आज़ादी के लिए सेना लड़ रही थी। लेकिन युद्ध विराम हुआ और धारा-370 जैसे प्रावधानों से दो विधान, दो निशान और दो प्रधान की बात सामने आयी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गौरवशाली, वैभवशाली और सम्पन्न भारत के निर्माण के लिए गत 9 वर्ष में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी ने भी कहा था कि भारत सिर्फ जमीन का टुकड़ा नहीं है। भारत एक जीता-जागता राष्ट्रपुरुष है। यह वीरों और ऋषियों की भूमि है। हमें राष्ट्र के लिए ही जीना-मरना है। दाह संस्कार के बाद हमारी राख भी गंगा में प्रवाहित होगी तब भी आवाज आएगी भारत माता की जय।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज़ादी के अमृतकाल में 21वीं सदी का एक समर्थ और समृद्ध भारत आकार ले रहा है। दुनिया भारत की ओर देख भी रही है और भारत

## मेक इन मध्यप्रदेश .....

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना में 45 लाख 50 हजार से ज्यादा बेटियों को लखपति बना दिया गया है। उन्होंने योजना के प्रभाव की चर्चा करते हुए कहा कि यह लड़के और लड़की में होने वाले सामाजिक भेदभाव को कम करने में सफल रही है। लिंगानुपात निरंतर बेहतर होता जा रहा है।

### किसानों को दो लाख 70 हजार करोड़

किसान कल्याण के संबंध में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में किसान-कल्याण की विभिन्न योजनाओं में किसानों के खातों में 2 लाख 70 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में किसानों को दी जा रही 4000 रुपये की राशि को बढ़ाकर 6 हजार रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 11 लाख से ज्यादा किसानों के सिर से 2123 करोड़ रुपये तक के ब्याज की गठरी उतारने का काम किया जा रहा है।

### हर साल छह हजार युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना जैसी दुनिया की सबसे बड़ी इंटर्नशिप योजना शुरू की गई है। हर महीने औसतन 3 लाख लोगों को स्व-रोज़गार के लिए एक लाख 8 हजार करोड़ से ज्यादा के लोन दिए जा रहे हैं। भोपाल में संत रविदास ग्लोबल स्किल पार्क इसी वर्ष प्रारंभ हो जाएगा जहां हर साल 6 हजार युवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि एक लाख सरकारी पदों पर तेजी से भर्ती की जा रही है।

से सीख भी रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ जनता की जिन्दगी बदलना मध्यप्रदेश सरकार का मिशन है। देश के 140 करोड़ लोगों के साथ ही दुनिया के 100 देशों को कोविड से बचाव की वैक्सीन उपलब्ध करवाने में प्रधानमंत्री जी के प्रयासों से हम सभी परिचित हैं। आज हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं। भारत का मंत्र है, हम किसी को छेड़ेंगे नहीं, लेकिन कोई हमें छेड़ेगा तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य प्रगति पथ, मालवा विकास पथ, मध्य विकास पथ और बुंदेलखंड विकास पथ जैसी महत्वाकांक्षी एक्सप्रेस-वे परियोजनाएं मध्यप्रदेश की प्रोफाइल को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। राज्य सरकार ने कायाकल्प अभियान में चालू माली साल से शहरों की सड़कों के नवनिर्माण और संधारण के लिए 3 हजार करोड़ रुपये मंजूर करने का निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश आज साढ़े 13 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बन चुका है। नए विकास कार्यों पर 56 हजार करोड़ से अधिक की राशि का व्यय और अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं प्रदेश का भाग्य बदलने का कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीना रिफायनरी के विस्तार के अंतर्गत पेट्रो केमिकल्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम ऐसे मध्यप्रदेश का निर्माण कर रहे हैं, जहां गरीबी भी समाप्त हो रही है और पिछड़ापन भी। लोगों की आय भी बढ़ रही और आत्मविश्वास भी। मध्यप्रदेश सरकार शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के सुख को हर नागरिक तक पहुंचाने के लिए दिन-रात कार्य कर रही है। सेवा और सुशासन की प्रतिज्ञा के साथ मध्यप्रदेश के कायाकल्प का अभियान शुरू किया गया है।

### 1.36 करोड़ लोगों को गरीबी से मुक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के युद्ध स्तर पर किए जा रहे प्रयासों से प्रदेश में एक करोड़ 36 लाख से ज्यादा लोग गरीबी से मुक्त हुए हैं। अभी 5 करोड़ 30 लाख से ज्यादा गरीबों को नि:शुल्क खाद्य वितरण किया जा रहा है। संबल योजना में पांच लाख से ज्यादा लाभार्थियों को 4917 करोड़ से ज्यादा के हितलाभ दिए गए हैं। जल जीवन मिशन में 56 प्रतिशत से ज्यादा ग्रामीण परिवारों को नल जल का शुद्ध जल पहुंच रहा है। अगले 2 सालों में सभी ग्रामीण घरों में हर घर नल से जल हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार जो कहती है करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि 24 मेडिकल कॉलेज लगभग 4 हजार एमबीबीएस की सीटें, 11 हजार से ज्यादा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, 42 हजार से ज्यादा बिस्तर, 51 हजार से ज्यादा स्वास्थ्य अमला, 132 प्रकार की नि:शुल्क जांच सुविधा, जनजाति क्षेत्र में सिकल सेल एनीमिया का उन्मूलन जैसे बड़े काम हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में बताया कि हितग्राहीमूलक योजनाओं के आम जनता पर पड़ने वाले प्रभाव के अध्ययन के लिए राज्य सरकार सेंटर फॉर इवैल्यूएशन एंड इंपैक्ट असेसमेंट की स्थापना करने जा रही है। जिला स्तर पर जीडीपी की गणना और इसमें जनजातीय अर्थव्यवस्था को जोड़ने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बनने जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में सुशासन के लिए नया युग प्रारंभ हुआ है। मध्यप्रदेश मॉडल देश में गवर्नेंस का एक सफल उदाहरण बना है।

खेल चर्चा

## एश्ले गार्डनर चौथी बार बनीं आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

**दुबई,** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जुलाई माह के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने महिला वर्ग में इस पुरस्कार के लिए ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर को चुना है। गार्डनर ने एलिस पेरी और नताली साइवर ब्रंट को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता है। गार्डनर ने लगातार दूसरी बार और कुल चौथी बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता है। गार्डनर ने इससे पहले दिसम्बर 2022, फरवरी और जून 2023 में भी यह पुरस्कार जीता है। आईसीसी ने पुरुष वर्ग में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। वोक्स ने एशेज सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन मैचों में 22 विकेट लिए थे।

## विनेश ने एशियाई खेलों से नाम लिया वापस

**नई दिल्ली,** भारत की महिला पहलवान विनेश फोगाट एशियाई खेलों से बाहर हो गई हैं। विनेश ने चोट के कारण एशियाई खेलों से अपना नाम वापस लिया है। विनेश ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी देते हुए बताया कि 13 अगस्त को उनके घुटने में चोट लग गई, जिसके बाद उन्हें सर्जरी करवानी होगी। विनेश की जगह अब अंतिम पंघल एशियाई खेलों में महिलाओं की 53 किलोग्राम भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। एशियाई खेलों के लिए हुए राष्ट्रीय ट्रायल में अंतिम पंघल ने जीत दर्ज की थी, लेकिन भारतीय कुश्ती महासंघ ने विनेश और बजरंग पूनिया को एशियाई खेलों में सीधा प्रवेश दिया था।

## हैरी केन ने बायर्न म्युनिख क्लब के साथ किया करार

**म्युनिख,** इंग्लैंड के स्टार फुटबॉलर हैरी केन ने जर्मनी के फुटबॉल क्लब बायर्न म्युनिख के साथ करार किया है। केन ने बायर्न म्युनिख के साथ चार साल का करार किया है, इस करार के तहत केन को 910 करोड़ रुपये मिलेंगे। माना जा रहा है कि हैरी केन बायर्न म्युनिख क्लब में रॉबर्ट लेवानडोवस्की की कमी पूरी कर सकते हैं, जो बार्सिलोना के लिए खेल रहे हैं। इससे पहले केन इंग्लिश क्लब टॉटनहम हॉटस्पर के लिए वर्ष 2009 से 2023 तक खेलते थे। हैरी केन ने टॉटनहम के लिए 430 मैचों में 280 गोल किए हैं।

## पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता बने इंजमाम

**कराची,** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व क्रिकेटर इंजमाम उल हक को राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया है। इंजमाम वर्तमान मुख्य चयनकर्ता हारून रशीद की जगह लेंगे। इसके अलावा इंजमाम पीसीबी द्वारा गठित हाई प्रोफाइल क्रिकेट तकनीकी समिति का भी हिस्सा हैं। इंजमाम की नियुक्ति आगामी एशिया कप और आईसीसी वन-डे विश्वकप को देखते हुए की गई है। इंजमाम दूसरी बार पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता बने हैं। इंजमाम इससे पहले वर्ष 2016 से 2019 तक मुख्य चयनकर्ता रह चुके हैं।

एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी

# भारत बना एशियन हॉकी का चैंपियन

**चेन्नई,** भारतीय हॉकी टीम ने एक बार फिर एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी में अपना परचम लहराया है। भारतीय हॉकी टीम मलेशिया को 4-3 से हराकर एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी की चैम्पियन बनी है। भारतीय टीम ने चौथी बार यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीता है।

मलेशियाई टीम ने मैच की शुरुआत में ही भारतीय टीम पर दबाव बनाने की कोशिश की, मलेशिया के स्टार खिलाड़ी अजवाई अबु कमाल ने पहले मिनट में भारत की रक्षा पंक्ति को भेदने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद भारतीय टीम ने लय पकड़ी और मैच के आठवें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किया, जुगराज सिंह ने इस पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में तबदील किया।

मैच में पिछड़ने के बाद मलेशिया ने मैच में पलटवार किया। मैच के 14वें मिनट में अजवाई ने बेहतरीन गोल दागकर मलेशिया को बराबरी दिलाई। इसके चार मिनट बाद रहीम राजी ने मलेशिया के लिए दूसरा गोल किया। दूसरे क्वार्टर के अंतिम क्षणों (28वें मिनट) में अमीनुद्दीन ने मलेशिया की बढ़त पुख्ता कर दी। मैच के मध्यांतर तक भारतीय टीम मैच में 3-1 से पीछे थी। मध्यांतर के बाद भारतीय टीम ने शानदार वापसी की। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर के आखिरी मिनट में दो गोल दागे। पहला गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनाल्टी कॉर्नर पर दागा, इसके कुछ सेकेंड्स के अंदर गुरजंत सिंह ने बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत को मैच में बराबरी पर ला दिया। मैच के चौथे क्वार्टर में आकाशदीप सिंह ने भारत के लिए चौथा गोल दागा, जो निर्णायक साबित हुआ।



- भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा आठ गोल दागे।
- टूर्नामेंट में जापान ने दक्षिण कोरिया को हराकर हासिल किया तीसरा स्थान।
- भारत ने सबसे ज्यादा चार बार जीती है एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी।
- वर्ष 2011, 2016 और 2018 में भी भारत बन चुका है चैम्पियन।
- एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान तीन बार और दक्षिण कोरिया एक बार बना है विजेता।

**रैंकिंग में भारतीय टीम तीसरे स्थान पर**

इस खिताबी जीत के साथ भारतीय हॉकी टीम की विश्व रैंकिंग में सुधार हुआ है। भारतीय टीम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। भारतीय टीम की रैंकिंग में एक स्थान का सुधार हुआ है।

## वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारत ने जीते 26 पदक

**चेंगदू,** भारत के युवा खिलाड़ियों ने चीन में आयोजित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 26 पदक जीते हैं, इनमें 11 स्वर्ण, 5 रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। इस प्रदर्शन के चलते भारत ने अंक तालिका में सातवां स्थान हासिल कर अपना अभियान समाप्त किया। अंक तालिका में चीन ने 103 स्वर्ण सहित कुल 178 पदकों के साथ पहला स्थान हासिल किया।

## आयरलैंड दौरे के लिए टीम इंडिया के कोच बने सितांशु

**मुंबई,** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आयरलैंड दौरे पर खेली जाने वाली ट्वेंटी-20 सीरीज के लिए पूर्व क्रिकेटर सितांशु कोटक को भारतीय क्रिकेट टीम का कोच नियुक्त किया है। बीसीसीआई ने कहा कि इंडिया-ए टीम के मुख्य कोच सितांशु कोटक आयरलैंड दौरे पर टीम इंडिया के कोच बनाए गए हैं, इनके अलावा साइराज बहुतुले को आयरलैंड दौरे के लिए गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेट टीम के व्यस्त कार्यक्रम और आगामी वन-डे विश्वकप को देखते हुए भारतीय क्रिकेट टीम के कोचिंग स्टाफ को आराम दिया है।

# वेस्टइंडीज से छह साल बाद सीरीज हारा भारत

**फ्लोरिडा,** वेस्टइंडीज ने भारत को हराकर पांच मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज 3-2 से अपने नाम की है। सीरीज के पांचवें और अंतिम मुकाबले में वेस्टइंडीज ने भारत को 8 विकेट से हराया। वेस्टइंडीज ने छह साल बाद भारत को किसी द्विपक्षीय टूर्नामेंट में हराया है, इससे पहले वेस्टइंडीज ने वर्ष 2017 में भारत को ट्वेंटी-20 सीरीज में हराया था।

सीरीज के पांचवें मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (5) और शुभमन गिल (9) भारत को मजबूत शुरुआत दिलाने में असफल रहे। इसके बाद सूर्यकुमार यादव (61) और तिलक वर्मा (27) ने भारत की पारी को आगे बढ़ाया। बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर भारतीय टीम निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 165 रन ही बना सकी।

आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरुआत भी खराब रही। सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स 10 रन बनाकर अर्शदीप सिंह के शिकार बने। इसके बाद ब्रैंडन किंग और निकोलस पूरन ने भारत के अनुभवहीन गेंदबाजों के सामने जमकर रन बटोरे और दूसरे विकेट के लिए 12 ओवरों में 107 रनों की साझेदारी कर वेस्टइंडीज की जीत की नींव रखी। पूरन 47 रन बनाकर आउट हुए वहीं ब्रैंडन किंग ने नाबाद 85 रन बनाये। वेस्टइंडीज ने 18 ओवरों में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

- हार्दिक पंड्या की कप्तानी में भारत पहली बार कोई सीरीज हारा है।
- इस सीरीज में भारतीय टीम ने अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमाया, तिलक वर्मा और यशस्वी ने किया प्रभावी प्रदर्शन।

# जेनिक सिनर ने जीता कनाडा ओपन का खिताब

**टोरंटो,** इटली के युवा टेनिस खिलाड़ी जेनिक सिनर ने कनाडा ओपन का खिताब जीत लिया है। सिनर ने पहली बार कनाडा ओपन टूर्नामेंट जीता है। सिनर ने टूर्नामेंट के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनॉर को सीधे सेटों में 6-4, 6-1 से हराया। ये सिनर के टेनिस कॅरियर का पहला एटीपी मास्टर्स 1000 और कुल आठवां एटीपी खिताब है।

टेनिस प्रशंसकों को टूर्नामेंट के फाइनल में सिनर और मिनॉर के बीच कांटे की टक्कर की उम्मीद थी, लेकिन फाइनल मुकाबले में मिनॉर अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके। मिनॉर ने पहले सेट में सिनर को टक्कर दी, इसके बावजूद सिनर ने यह सेट 6-4 से जीत लिया। दूसरे सेट में सिनर पूरी तरह हावी नजर आये। दूसरे सेट में मिनॉर ने काफी खराब खेल दिखाया जिसकी बदौलत सिनर ने यह सेट आसानी से 6-1 से जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया।

- सिनर ने पहली बार जीता है कनाडा ओपन टूर्नामेंट।
- राफेल नडाल ने सबसे ज्यादा पांच बार जीता है यह खिताब।

टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग का खिताब अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने जीता। पेगुला ने फाइनल में रूस की लियुडमिला समेसोनोवा को सीधे सेटों में 6-1, 6-0 से हराया। ये पेगुला के टेनिस कॅरियर का दूसरा डब्ल्यूटीए मास्टर्स 1000 खिताब है।

## एशियाई खेलों के संभावितों में रानी को नहीं मिली जगह

**नई दिल्ली,** हॉकी इंडिया द्वारा अगले महीने चीन में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के मद्देनजर सीनियर महिला हॉकी टीम के लिए राष्ट्रीय कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप के लिए 34 महिला खिलाड़ियों के नाम जारी किए गए हैं। इन खिलाड़ियों की सूची में भारतीय हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल को जगह नहीं मिली है। एशियाई खेलों के लिए इन्हीं खिलाड़ियों में से टीम का चयन किया जाएगा। हॉकी इंडिया ने बताया कि यह नेशनल कैंप शुरू हो गया है और 18 सितंबर तक जारी रहेगा। रानी रामपाल के अनुभव को देखते हुए हॉकी इंडिया ने उन्हें सब जूनियर महिला टीम का कोच नियुक्त किया है, वहीं सरदार सिंह को सब जूनियर पुरुष टीम का कोच बनाया गया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

अरब क्लब चैम्पियंस कप

# अल नासर क्लब पहली बार बना चैम्पियन

**मक्का,** सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नासर ने अरब क्लब चैम्पियंस कप का खिताब अपने नाम किया है। मक्का के किंग फहद स्टेडियम में खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में अल नासर क्लब ने अपने हमवतन क्लब अल हिलाल को 2-1 से हराकर पहली बार यह प्रतियोगिता जीती। अल नासर की जीत के हीरो पूर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो रहे।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। पहली बार फाइनल मुकाबला खेल रही अल नासर की टीम ने मैच में आक्रामक शुरुआत की, लेकिन अल हिलाल की रक्षपंक्ति को भेद नहीं सकी। मैच के पहले हाफ में दोनों ही टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी जिससे पहला हाफ गोल रहित रहा।

मैच के दूसरे हाफ में अल हिलाल ने जबरदस्त काउंटर अटैक किया। मैच की पहली सफलता अल हिलाल को मिली।



मैच के 51वें मिनट में अल हिलाल के लिए ब्राजीलियन स्ट्राइकर माइकल ओलिविएरा ने हेडर के जरिए गोल किया। मैच में पिछड़ने के बाद अल नासर ने भी आक्रामक रणनीति अपनाई।

मैच के 74वें मिनट में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सुल्तान अल घनम के पास पर गोल कर अल नासर को बराबरी दिलाई। निर्धारित समय तक स्कोर बराबर रहने पर मैच अतिरिक्त समय में गया। मैच के 97वें मिनट में एक बार फिर रोनाल्डो का जादू चला। रोनाल्डो ने बेहतरीन हेडर से अल हिलाल के गोलकीपर मोहम्मद अल ओवैस को चकमा देकर गोल किया और अपनी टीम को 2-1 से बढ़त दिलाई। मैच इसी स्कोर लाइन पर खत्म हुआ।

- अरब क्लब चैम्पियंस कप जीतने वाला सऊदी अरब का छठवां क्लब है अल नासर।
- मैच के अंतिम समय में अल नासर के दो खिलाड़ियों को रेड कार्ड दिखाया गया, जिससे टीम को 9 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।
- क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दो वर्ष बाद कोई ट्रॉफी जीती है।
- इससे पहले रोनाल्डो ने वर्ष 2021 में जुवेंट्स के लिए कोपा इटेलियन कप जीता था।

सामयिकी

77वें स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का संदेश

# वर्तमान का आकलन और भविष्य की राह के चिंतन का अवसर : राष्ट्रपति

**स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्र को संबोधित किया था, प्रस्तुत हैं उनके संदेश के प्रमुख अंश -**

**मेरे प्यारे देशवासियों,** देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस पर आप सभी को मेरी हार्दिक बधाई! यह दिन हम सब के लिए गौरवपूर्ण और पावन है। चारों ओर उत्सव का वातावरण देखकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। यह प्रसन्नता और गर्व की बात है कि कस्बों और गांवों में, यानी देश में हर जगह – बच्चे, युवा और बुजुर्ग – सभी उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस के पर्व को मनाने की तैयारी कर रहे हैं। हमारे देशवासी बड़े उत्साह के साथ 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' मना रहे हैं।

स्वाधीनता दिवस का उत्सव मुझे मेरे बचपन के दिनों की याद भी दिलाता है। अपने गाँव के स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने की हमारी खुशी, रोके नहीं रुकती थी। जब तिरंगा फहराया जाता था तब हमें लगता था जैसे हमारे शरीर में बिजली सी दौड़ गई हो। देशभक्ति के गौरव से भरे हुए हृदय के साथ हम सब, राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते थे तथा राष्ट्रगान गाते थे। मिठाइयां बाँटी जाती थीं और देशभक्ति के गीत गाए जाते थे, जो कई दिनों तक हमारे मन में गूंजते रहते थे। यह मेरा सौभाग्य रहा कि जब मैं, स्कूल में शिक्षक बनी तो मुझे उन अनुभवों को फिर से जीने का अवसर प्राप्त हुआ।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर, मैं भारत के नागरिकों के साथ एकजुट होकर सभी ज्ञात और अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों को कृतज्ञतापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। उनके असंख्य बलिदानों से, भारत ने विश्व समुदाय में अपना स्वाभिमान-पूर्ण स्थान फिर से प्राप्त किया। मुझे यह देखकर प्रसन्नता होती है कि हमारे देश में महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आर्थिक सशक्तीकरण से परिवार और समाज में महिलाओं की स्थिति मजबूत होती है। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करती हूँ कि वे महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता दें। मैं चाहूंगी कि हमारी बहनें और बेटियां साहस के साथ, हर तरह की चुनौतियों का सामना करें और जीवन में आगे बढ़ें। महिलाओं का विकास, स्वाधीनता संग्राम के आदर्शों में शामिल है।

स्वतंत्रता दिवस, हमारे लिए अपने इतिहास से पुनः जुड़ने का अवसर होता है। यह हमारे वर्तमान का आकलन करने और भविष्य की राह बनाने के बारे में चिंतन करने का अवसर भी है। आज हम देख रहे हैं कि भारत ने न केवल विश्व मंच पर अपना यथोचित स्थान बनाया है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में अपनी प्रतिष्ठा को बढ़ाया भी है। भारत, पूरी दुनिया में, विकास के लक्ष्यों और मानवीय सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अग्रणी स्थान बनाया है तथा G-20 देशों की अध्यक्षता का दायित्व भी संभाला है। सशक्तिकरण की भावना से युक्त इस उत्साह का संचार आज संभव हो पाया है, क्योंकि हमारा देश सभी मोर्चों पर अच्छी प्रगति कर रहा है। मुश्किल दौर में भारत की अर्थव्यवस्था न केवल समर्थ सिद्ध हुई है बल्कि दूसरों के लिए आशा का स्रोत भी बनी है।

**प्यारे देशवासियों,** हमारा संविधान हमारा मार्गदर्शक दस्तावेज है। संविधान की प्रस्तावना में हमारे स्वाधीनता संग्राम के आदर्श समाहित हैं। आइए, हम अपने राष्ट्र निर्माताओं के सपनों को साकार करने के लिए सद्भाव और भाई-चारे की भावना के साथ आगे बढ़ें। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर, मैं पुनः आप सब को, विशेष रूप से सीमाओं की रक्षा करने वाले सेना के जवानों, आंतरिक सुरक्षा प्रदान करने वाले सभी बलों एवं पुलिस के जवानों तथा दुनिया के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले प्रवासी भारतीयों को बधाई देती हूँ। सभी प्यारे देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं!

धन्यवाद! जय हिन्द! जय भारत!

77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

# जनता का एक-एक पैसा 'सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय' के लिए समर्पित : प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से 140 करोड़ देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं देश और दुनिया में भारत को प्यार करने वाले, भारत का सम्मान करने वाले, भारत का गौरव करने वाले कोटि-कोटि जनों को आजादी के इस महान पवित्र पर्व की अनेक-अनेक शुभकामनाएं देता हूं।**

**प्रस्तुत हैं रोज़गार और निर्माण के इस अंक में प्रधानमंत्री जी के भाषण के प्रमुख अंश -**

### संबोधन की मुख्य बातें

- यह हमारा सौभाग्य है कि भारत के इस अमृतकाल में, जो हम करेंगे, जो कदम उठाऐंगे, जितना त्याग करेंगे, तपस्या करेंगे, सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय, एक के बाद एक फैसले लेंगे, आने वाले एक हजार साल का देश का स्वर्णिम इतिहास उससे अंकुरित होने वाला है।
- मेरे युवाओं ने भारत को दुनिया में पहले तीन स्टार्टअप इकोनॉमी सिस्टम में स्थान दिला दिया है। विश्व के युवाओं को अचंभा हो रहा है। आज दुनिया टेक्नोलॉजी ड्रिवेन है और आने वाला युग टेक्नोलॉजी से प्रभावित रहने वाला है और तब टेक्नोलॉजी में भारत का जो टेलेंट है, उसकी एक नई भूमिका रहने वाली है।
- आज देश आधुनिकता की तरफ बढ़ रहा है। हाइवे हो, रेलवे हो, एयरवे हो, आई-वे हो, इंफॉर्मेशन-वे, वाटर-वे हो, कोई क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिस क्षेत्र को आगे बढ़ाने की दिशा में आज देश काम न करता हो। पिछले 9 वर्ष में तटीय क्षेत्रों में, हमने आदिवासी क्षेत्र में, पहाड़ी क्षेत्र में विकास को बहुत बल दिया है।
- राष्ट्रीय चेतना वो एक ऐसा शब्द है जो हमें चिंताओं से मुक्त कर रहा है। राष्ट्रीय चेतना यह सिद्ध कर रही है कि भारत का सबसे बड़ा सामर्थ्य बना है, जन-जन का सरकार पर विश्वास, जन-जन का देश के उज्ज्वल भविष्य पर विश्वास और विश्व का भी भारत के प्रति विश्वास।
- सरकार 10 लाख करोड़ रुपया किसानों को यूरिया में सब्सिडी दे रही है। मुद्रा योजना के तहत 20 लाख करोड़ रुपए और उससे भी ज्यादा देश के नौजवानों को स्वरोजगार के लिए दिए हैं। 8 करोड़ लोगों ने नया कारोबार शुरू किया है।
- इन सारे प्रयासों का परिणाम है कि आज 5 साल के मेरे एक कार्यकाल में, 5 साल में साढ़े 13 करोड़ मेरे गरीब भाई-बहन गरीबी की जंजीरों को तोड़ करके न्यू मिडिल क्लास के रूप में बाहर आए हैं। जीवन में इससे बड़ा कोई संतोष नहीं हो सकता।
- हमारे सुनार हों, हमारे राजमिस्त्री हों, हमारे कपड़े धोने का काम करने वाले लोग हों, हमारे बाल काटने वाले भाई-बहन परिवार हों, ऐसे लोगों को एक नई ताकत देने के लिए हम आने वाले महीने में विश्वकर्मा जयन्ती पर विश्वकर्मा योजना लॉन्च करेंगे और करीब 13-15 हजार करोड़ रुपये से उसका प्रारंभ करेंगे।

### कविता से दी प्रेरणा

**"चलता चलाता कालचक्र,**
**अमृतकाल का भालचक्र,**
**सबके सपने, अपने सपने,**
**पनपे सपने सारे, धीर चले**
**वीर चले, चले युवा हमारे,**
**नीति सही रीती नई, गति सही राह नई,**
**चुनो चुनौती सीना तान**
**जग में बढ़ाओ देश का नाम।"**

- हमने पीएम किसान सम्मान निधि में ढाई लाख करोड़ रुपया सीधा किसानों के खाते में जमा किया है। जल जीवन मिशन के तहत दो लाख करोड़ रुपया खर्च किया है। हमने आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 हजार करोड़ रुपये लगाए हैं। हमने पशुधन को बचाने के लिए करीब-करीब 15 हजार करोड़ रुपया पशुधन के टीकाकरण के लिए लगाया है।
- हमने जन-औषधि केंद्र से जो दवाई बाजार में सौ रुपये में मिलती है वो 10 रुपया, 15 रुपया, 20 में दी। अब देश में 10 हजार जन-औषधि केंद्र से हम 25 हजार जन-औषधि केंद्र का लक्ष्य लेकर के आने वाले दिनों में काम करने वाले हैं।
- मध्यम वर्गीय परिवार जो अपने खुद के घर का सपना देख रहे हैं। हम उनके लिए भी आने वाले कुछ सालों के लिए एक योजना लेकर के आ रहे हैं। सरकार ने उन्हें बैंक से लोन पर ब्याज के अंदर राहत देकर लाखों रुपयों की मदद करने का निर्णय किया है।
- दुनिया में सबसे तेज गति से 5-G रोल आउट करने वाला मेरा देश है। 700 से अधिक जिलों तक हम पहुंच चुके हैं। और अब 6-G की भी तैयारी कर रहे हैं। हमने टास्क फोर्स बना दी है।
- आज 10 करोड़ महिलाएं स्व-सहायता समूह में जुड़ी हुई हैं। आप गांव में जाएंगे तो आपको बैंक वाली दीदी मिलेगी, आपको आंगनबाड़ी वाली दीदी मिलेगी, आपको दवाई देने वाली दीदी मिलेगी और अब मेरा सपना है, गांवों में 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का।
- भारत एक मदर ऑफ डेमोक्रेसी है, भारत मॉडल ऑफ डायवर्सिटी भी है।
- हम विश्व मंगल की बात को कैसे आगे बढ़ाते हैं। रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड एक हमारा बहुत बड़ा स्टेटमेंट है, आज दुनिया उसको स्वीकार कर रही है।
- हमने क्लाईमेट को लेकर के दुनिया को रास्ता दिखाया है, लाइफ मिशन लॉन्च किया है लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट हमने दुनिया के सामने मिलकर इंटरनेशनल सोलर अलायंस बनाया और आज दुनिया के कई देश इंटरनेशनल सोलर अलायंस का हिस्सा बन रहे हैं।
- सपने अनेक हैं, संकल्प साफ है, नीतियाँ स्पष्ट हैं। नियत के सामने कोई सवालिया निशान नहीं है। लेकिन कुछ सच्चाइयों को हमें स्वीकार करना पड़ेगा और उसके समाधान के लिए मेरे प्रिय परिवारजनों, मैं आज लालकिले से आपकी मदद मांगने आया हूं, मैं लालकिले से आपका आर्शीवाद मांगने आया हूं।
- आजादी के अमृतकाल में 2047 में जब देश आजादी के 100 साल मनाएगा, उस समय दुनिया में भारत का तिरंगा-झंडा विकसित भारत का तिरंगा-झंडा होना चाहिए, रत्ती भर भी हमें रुकना नहीं है, पीछे हटना नहीं है।
- हमारे देश की सारी समस्याओं की जड़ में भ्रष्टाचार है जिसने दीमक की तरह देश की सारी व्यवस्थाओं को, देश के सारे सामर्थ्य को पूरी तरह नोंच लिया है। मेरे प्रिय परिवारजनों, यह मोदी के जीवन का कमेंटमेंट है, यह मेरे व्यक्तित्व का एक कमेंटमेंट है कि मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहूंगा।
- ये अमृतकाल हम सबको मां भारती के लिए कुछ कर गुजरने का काल है। आजादी की जब जंग चल रही थी, 1947 के पहले जो पीढ़ी ने जन्म लिया था, उन्हें देश के लिए मरने का मौका मिला था। वो देश के लिए मरने के लिए मौका नहीं छोड़ते थे, लेकिन हमारे लिए देश के लिए जीने का इससे बड़ा कोई अवसर नहीं हो सकता।
- 140 करोड़ देशवासियों के संकल्प को सिद्धि में भी परिवर्तित करना है और 2047 का जब तिरंगा झंडा फहरेगा, तब विश्व एक विकसित भारत का गुणगान करता होगा। इसी विश्वास के साथ, इसी संकल्प के साथ मैं आप सबको अनेक-अनेक शुभकामनाएं देता हूँ। बहुत-बहुत बधाई देता हूँ।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

हर घर तिरंगा

आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाएं

हर घर तिरंगा लहराएं

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

77वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

तिरंगा हमारे देश के इतिहास, संस्कृति और मूल्यों का प्रतीक होने के साथ उन वीर शहीदों की देशभक्ति और देशप्रेम का प्रतीक है, जिनके बलिदान की बदौलत हमने आज़ाद भारत की विरासत पाई है। आइये, उनके सम्मान में देशभक्ति की भावना से प्रेरित होकर प्रदेश के हर घर में तिरंगा लहराएं।

शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री

तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी Harghartiranga.com पर अवश्य अपलोड करें या इस website पर वर्चुअल फ्लैग पिन करें।

G-D-11081/PA-48834/2023

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023


स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- मनीष सिंह, मुद्रक- मनीष सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।